दैनिक **नवप्रदेश** — प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 20 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-12 अंक-39 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

अब तक हिन्दी फिल्में और टीवी धारावाहिक ही अश्लीलता की पराकाष्ठा पार करते रहे हैं लेकिन अब टीवी पर दिखाए जाने वाले विज्ञापनों ने भी सीमा रेखा लांघना शुरू कर दिया है। जिन्हें परिवार के साथ देखने में शर्म आती है लेकिन ऐसा वाहियात विज्ञापन बनाने और दिखाने वालों को शर्म नहीं आती। लक्स क्रेजी के एक विज्ञापन में जैक्लीन की भाव भंगिमाएं देखकर हैरत होती है की ऐसे घटिया विज्ञापन को प्रदर्शन की अनुमति कैसे मिल गई है? यदि ऐसा ही चलता रहा तो विज्ञापनों को भी केवल वयस्कों के लिए प्रसारित करने एक सर्टिफिकेट देने की नौबत आ सकती है।

//-- सुविचार --//

समय बहाकर ले जाता है नाम और निशां कोई 'हम' में रह जाता है तो कोई 'अहम' में।

जनसंख्या

विश्व : 8,022,762,497

भारत : 1,417,602,647

बाजार

सेंसेक्स	अवकाश
निफ्टी	अवकाश
गोल्ड	55,450 प्रति 10 ग्राम
चांदी	72,100 प्रति किग्रा
अण्डा दर	4.46 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	28.0	18.5
बिलासपुर	27.8	17.4
जगदलपुर	27.8	16.6
अंबिकापुर	24.8	16.6

आज का दिवस

भारतीय इतिहास

19 मार्च से जुड़ा भारतीय इतिहास 1739 - 26 जनवरी 1722 से 1739 तक अवध के सूबेदार नवाब और मुहम्मद नासिर के पुत्र सआदत खां की मृत्यु 19 मार्च 1739 को हुई। 1920 - भारतीय प्रकृतिवादी और संरक्षणवादी जफ़र फुटेहली का जन्म 19 मार्च 1920 को हुआ जो बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के सचिव के रूप में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। 1955 - भारतीय राजनेता दोरजी खांडू का जन्म 19 मार्च 1955 को हुआ, जिन्होंने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त 25 मार्च को किसानों के खातों में पहुंचेगी

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम करप में आयोजित कोसरिया मरार (पटेल) समाज के महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त की राशि 25 मार्च तक किसानों के खाते में पहुंच जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांकेर जिले में विकास कार्य निरंतर जारी है, स्कूल-कॉलेज खुल रहे हैं। मेडिकल कॉलेज की सुविधा के साथ हाट-

बाजार में ग्रामीणों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कांकेर जिले के विकास के लिए 143.92 करोड़ रूपये की लागत के 95 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

सीएम ने कोसरिया मरार (पटेल) समाज के महासम्मेलन में छत्तीसगढ़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एमआरआई जांच की सुविधा कांकेर जिला अस्पताल में

सीएम ने कांकेर के जिला अस्पताल में एम आर आई मशीन का शुभारंभ कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए प्रतिबद्धता के साथ शासन इसी प्रकार कार्य करती रहेगी। स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में एम आर आई जांच की सुविधा से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। कांकेर जिला अस्पताल प्रदेश का पहला ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गांवों में आर्थिक समृद्धि आई

सीएम ने कहा कि गौठानों में आजीविकामूलक गतिविधियों के कारण गांवों में आर्थिक समृद्धि आई है। गौठानों में गोबर से प्राकृतिक पेंट और बिजली उत्पादन की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं, ऐसे गौठान जहां प्रतिदिन पांच क्विंटल से ज्यादा गोबर की खरीदी हो रही है, उन गौठानों में बिजली उत्पादन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले 4 वर्षों से लगातार मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। जिला चिकित्सालय कांकेर को एमआरआई जांच की सुविधा भी मिल गई है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली पुलिस घर पहुंची तो राहुल ने 4 पेज में दिया जवाब

■ **कांग्रेस बोली- सावरकर समझा क्या, नाम राहुल गांधी है**

नई दिल्ली। रेप पीड़ितों पर दिए बयान पर राहुल गांधी ने दिल्ली पुलिस के नोटिस पर 10 पॉइंट में 4 पेज का जवाब दिया है। राहुल ने कहा कि क्या यह मेरी ओर से अड़ानी पर दिए गए बयान की वजह से हो रहा है। मैंने बयान 45 दिन पहले दिया था, जिस पर अब अचानक नोटिस देने की क्या जरूरत पड़ गई? राहुल ने इस नोटिस पर विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए 8-10 दिन का समय मांगा है। वहीं, कांग्रेस ने ट्विटर पर लिखा, 'सावरकर समझा क्या... नाम- राहुल गांधी है।' कांग्रेस नेता की ओर से दिए गए शुरुआती जवाब पर दिल्ली पुलिस ने रिप्लाई दिया है। पुलिस ने कहा कि राहुल की ओर से दिए गए जवाब में कोई जानकारी नहीं दी गई है, जिसके आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा सके। दिल्ली पुलिस रविवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के घर पहुंची। करीब 2 घंटे बाद स्पेशल सीपी (लॉ एंड ऑर्डर) सागर प्रीत हुड्डा से राहुल मिले। स्पेशल सीपी बताया था कि हमने राहुल गांधी से उनके बयान के संबंध में जानकारी मांगी है। राहुल गांधी ने कुछ वक्त मांगा है और कहा कि वो जानकारी देंगे।

राहुल ने श्रीनगर में दिया था रेप पीड़ितों पर बयान

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान रेप पीड़ित पर बयान दिया था। राहुल ने 30 जनवरी को श्रीनगर में कहा था- कई महिलाएं मुझसे मिलने आई थीं। वे रो रही थीं और इमोशनल थीं। उनमें से कुछ ने कहा कि उनके साथ रेप हुआ है, मोलेस्टेशन हुआ है। मैंने उनसे पूछा कि क्या मैं पुलिस को इस बारे में बताऊं। तो उन्होंने कहा कि राहुल जी हम बस आपको बताना चाहते थे। पुलिस को इस बार में मत बताइए, वर्ना हमें और ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा।

दिल्ली पुलिस ने खुद लिया था मामले का संज्ञान

दिल्ली पुलिस ने खुद ही इस मामले का संज्ञान लिया है। उन्होंने पीड़िता के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए सवालों की एक लिस्ट राहुल को भेजी थी। पुलिस ने उनसे कहा था कि सवालों के जवाब जल्दी और डिटेल में दें जिससे पीड़िता को सुरक्षा दी जा सके। कांग्रेस ने दिल्ली पुलिस के नोटिस पर नाराजगी जताई थी। पार्टी ने ट्वीट किया था- सरकार अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में राहुल के सवालों से घबरा गई है और पुलिस का सहारा ले रही है। भारत जोड़ो यात्रा खत्म होने के 45 दिन बाद दिल्ली पुलिस उस पीड़िता के बारे में जानकारी मांग रही है।

पुलिस दो बार राहुल के घर गई, तब नोटिस रिसीव किया

बयान को लेकर पुलिस की एक टीम 15 मार्च को राहुल गांधी को नोटिस देने गई थी। टीम ने वहां 3 घंटे तक इंतजार किया, लेकिन राहुल नहीं मिले। 16 मार्च को दिल्ली पुलिस के सीनियर अधिकारी दोबारा उनके घर गए। डेढ़ घंटे तक इंतजार करने के बाद राहुल उनसे मिले और नोटिस रिसीव किया था। पार्टी ने कहा था कि वे सही समय पर कानून के मुताबिक नोटिस का जवाब देंगे।

गेंदों के लिहाज से भारतीय टीम की सबसे बड़ी हार, 10 विकेट से जीती ऑस्ट्रेलिया

विशाखापट्टनम। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार को विशाखापट्टनम के मैदान पर खेला गया। सीरीज का पहला मुकाबला अपने नाम करने वाली भारतीय टीम का सुपर संडे के दिन सुपर फ्लॉप शो देखने को मिला। दूसरे वनजे में भारतीय टीम के बल्लेबाजों से लेकर गेंदबाजों तक सभी ने बेहद निराशाजनक प्रदर्शन किया। जबकि पहला वनडे गवांने वाली कंगारू टीम ने मैदान में केवल जीत के इरादे से ही उतरी थी। पहले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और फिर मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड की ओपनिंग जोड़ी के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरे वनडे में 234 गेंदे शेष रहते भारतीय टीम पर 10 विकटों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मार्श और हेड ने खेली तूफानी पारियां

छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को उनके ओपनिंग बल्लेबाजों ने ही जीत दिला दी। मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड की ओपनिंग जोड़ी ने महज 11 ओवरों में 121 रनों की साझेदारी कर टीम को 10 विकटों की बड़ी जीत दिलाई। मिचेल मार्श ने 36 गेंदों में 66 रनों की पारी खेली। जबकि हेड ने भी 30 गेंदों में 51 रन बनाए। भारतीय टीम का कोई भी गेंदबाज विकेट चटकाने में सफल ना हो सका। दोनों बल्लेबाजों की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 234 गेंदें शेष रहते भारतीय टीम को मात दी। जो वनडे क्रिकेट इतिहास में भारत के खिलाफ सबसे अधिक गेंदें शेष रहते जीत का रिकॉर्ड है।

देश के कोने-कोने में जाकर पीएम मोदी के कार्यों को लोगों तक पहुंचाएं : नड्डा

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख जेपी नड्डा ने रविवार को पार्टी की युवा शाखा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय राजनीति में लाए गए बदलावों के बारे में बताने के लिए हर नुक्कड़ पर जाने की अपील की। तमिलनाडु में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय युवा संसद को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, मोदी जी ने भारत की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। मैं युवाओं से देश के

कोने-कोने में जाकर पीएम मोदी द्वारा भारतीय राजनीति में लाए गए बदलावों के बारे में सबको बताने की अपील करता हूं। उन्होंने आगे कहा, 2014 से पहले देश कैसा था? हमारा देश भ्रष्टाचार से भरा हुआ था, नीतिगत पक्षाघात था, और यह एक पिछड़ा राज्य था- यह भारत को दिया गया संप्रदाय था। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत है दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि, मुझे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के युवाओं से मिलकर खुशी हो रही है। मैं तेजस्वी सूर्या और भारतीय जनता युवा मोर्चा को इस राष्ट्रीय युवा संसद के लिए बधाई देता हूं। इस युवा संसद के माध्यम से देश के मामलों में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने कहा, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम युवा ऊर्जा को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी, खेड़ा की याचिका पर सुको में सुनवाई आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में असम और उत्तर प्रदेश में दर्ज प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने का अनुरोध करने वाली कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस जे बी पारदीवाला की पीठ ने शुक्रवार को इस अभिवेदन पर गौर करने के बाद खेड़ा की याचिका पर सुनवाई 20 मार्च तक

स्थगित कर दी थी कि कांग्रेस नेता की पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील एएम सिंघवी उपलब्ध नहीं हैं। उत्तर प्रदेश और असम की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से मामले पर शुक्रवार के बजाए सोमवार को सुनवाई करने का आग्रह किया। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस याचिका को जुर्माना लगाते हुए खारिज करने का अनुरोध किया था और इसे 'गलत' और 'दंड प्रक्रिया संहिता के तहत उपलब्ध सामान्य प्रक्रिया को नजरअंदाज करने का प्रयास'' बताया था। वहीं, असम सरकार ने कहा था, ''यह सूचित किया जाता है कि याचिकाकर्ता (खेड़ा) जिस राजनीतिक दल (कांग्रेस) से ताल्लुक रखते हैं, वह अदालत द्वारा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तीन दिवसीय कर्नाटक दौरे पर पहुंचे सांसद राहुल गांधी

वायनाड़ (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी रविवार से कर्नाटक के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे, जिस दौरान वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। यह जानकारी कांग्रेस ने दी। कर्नाटक में मई तक होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राहुल उत्तर कर्नाटक के बेलगावी और तुमकुरु जिले के कुनिगल में दो कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। राहुल के कार्यक्रम के अनुसार, वह हुब्बली हवाईअड्डे पर पहुंचेंगे और सड़क मार्ग से बेलगावी जाएंगे। वायनाड के सांसद राहुल बेलगावी में सोमवार दोपहर में होने वाले 'युवाक्रांति समावेश' की तैयारियों को लेकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक करेंगे। वह बाद में उसी शाम हवाई मार्ग से बेंगलुरू जाएंगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद राहुल मंगलवार को कुनिगल पहुंचेंगे, जहां वह 'प्रजा ध्वनि' कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह बेंगलुरू ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीआरएस नेता कविता के खिलाफ सुको पहुंची ईडी, दायर की कैविएट

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली शराब नीति मामले में पूछताछ और गिरफ्तारी से सुरक्षा की मांग को लेकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता एवं तेलंगाना विधानपरिषद सदस्य के कविता की ओर से दायर याचिका पर जांच एजेंसी का पक्ष सुने बिना कोई आदेश पारित नहीं करने का आग्रह करते हुए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कैविएट दाखिल किया है। ईडी के सूत्रों ने बताया कि 16 मार्च को कविता के ईडी के समक्ष पेश नहीं होने के बाद उन्हें 20 मार्च को पूछताछ के वास्ते उपस्थित होने के लिए नये सिरे से समन जारी किया गया है। कैविएट एक कानूनी दस्तावेज है जिसके जरिए न्यायालय को कोई विशेष कार्रवाई करने से रोकने का आग्रह अथवा विपक्षी पार्टी को कोई राहत देने के पहले कैविएट दाखिल करने को अपना पक्ष रखे जाने का मौका दिया जा सके।

विभिन्न देशों के मंत्रियों से तोमर की हुई द्विपक्षीय बैठकें

नयी दिल्ली(वार्ता)। ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन में शामिल गयाना, सूरीनाम, जाम्बिया, मॉरीशस व श्रीलंका के कृषि मंत्रियों के साथ कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की रविवार को द्विपक्षीय बैठकें हुई। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इस दौरान श्री तोमर ने भारत द्वारा अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष (आईवाईएम) के अंतर्गत, 'श्री अन्न' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित वैश्विक सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए इन मंत्रियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष इसलिए मनाया जा रहा है ताकि भारतीय 'श्री अन्न', उनके व्यंजनों व मूल्यवर्धित उत्पादों को एक जनांदोलन के रूप में वैश्विक स्तर पर स्वीकारा जा सकें। उन्होंने विभिन्न देशों के साथ भारत के कृषि संबंधों को और मजबूत किए जाने की उम्मीद जताई।

श्री तोमर ने गयाना के कृषि मंत्री जुल्फिकार मुस्तफा के साथ बैठक में, वहां के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली व उपराष्ट्रपति भरत जगदेव की भारत यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि कृषि, दोनों देशों के बीच सहयोग का एक बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उन्होंने भारत-गयाना के संबंधों में सतत प्रगति पर खुशी व्यक्त करते हुए कृषि व सम्बद्ध क्षेत्रों में ठोस सहयोग की आशा प्रकट की।

गरमा-गरम

अलर्ट — हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान, दंतेवाड़ा-बीजापुर में गिरे पेड़

फिर बरसेंगे बदरा : छत्तीसगढ़ के कई जिलों में ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में रविवार को भी जोरदार बारिश हुई। सुबह से ही बादल छाए रहे, वहीं कई जगहों पर सुबह से ही हल्की बारिश हो गई थी। राजधानी रायपुर की बात करें, तो यहां भी सुबह से ही बादल छाया हुए थे। इसके बाद देर शाम मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया और झमाझम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के कई जिलों में 20 मार्च तक बारिश की संभावना जताई है। प्रदेश के दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में भी रविवार को तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। आफत की इस बारिश से दंतेवाड़ा की व्यासायिक नगरी गीदम में करीब 10 से ज्यादा मकानों पर पेड़ गिर गए

हैं। इससे घरों की छत टूट गई है। हालांकि, किसी जनहानि की खबर नहीं है। दंतेवाड़ा के कुआकोंडा इलाके में बिजली गुल हो गई है। करीब 70 से ज्यादा गांवों में बिजली नहीं है। बीजापुर जिले में ओलावृष्टि भी हुई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव है, इसके कारण राजस्थान के ऊपर प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण बना है। दोनों के संयुक्त प्रभाव से छत्तीसगढ़ को बंगाल की खाड़ी से भरपूर नमी मिल रही है। इसलिए यहां हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है।

इन जिलों में यलो अलर्ट जारी

वहीं कोरिया, बिलासपुर, पेंड्रा, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, बेमेतरा, बलौदाबाजार और राजनांदगांव में यलो अलर्ट जारी किया गया है। ऑरेंज अलर्ट का अर्थ होता है कि मौसम में बदलाव से पैदा होने वाली किसी भी आपातकाल स्थिति के लिए तैयार रहें, जबकि यलो अलर्ट का मतलब होता है कि मौसम बदल सकता है, इसलिए लोग सतर्क रहें।

रायपुर, बालोद व कांकेर समेत इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट

वहीं मौसम विभाग के अनुसार, आगामी दिनों में बारिश और ओले गिरने के आसार हैं। मौसम विभाग ने पेंड्रा जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अनुमान है कि 20 मार्च कर कई जिलों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होगी। सूरजपुर, बलरामपुर, सरगुजा, जशपुर, कबीरधाम, महासमुंद, दुर्ग, रायपुर, बालोद, धमतरी, कांकेर, नारायणपुर जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी है।

संपादकीय

कांग्रेस को आत्मचिंतन की जरूरत

देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी इन दिनों संक्रमण काल से गुजर रही है। आज कांग्रेस की ऐसी स्थिति हो गई है कि छोटे-छोटे क्षेत्रिय राजनीतिक दल भी कांग्रेस के साथ आने से कतरा रहे हैं। कभी ऐसी ही स्थिति भाजपा की हुआ करती थी। जिसके साथ कोई भी पार्टी आना नहीं चाहती थी लेकिन भाजपा ने अपनी गलतियों से सबक सीखा और धीरे-धीरे अपना कुन्बा बढ़ाने में सफल हो गई। नतीजतन आज भाजपा के नेतृत्व में एनडीए एक बड़ी ताकत बन चुकी है। हालांकि एनडीए से भाजपा के सबसे पुराने सहयोगी दल शिवसेना और अकाली दल ने किनारा कर लिया और अब जदयू ने भी एनडीए का साथ छोड़ दिया है लेकिन आज भी एनडीए मजबूत है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की नेतृत्व वाली यूपीए लगातार कमजोर हो रही है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जो शर्मनाक पराजय झेलनी पड़ी है और विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाओं में मात खानी पड़ी उससे यूपीए में शामिल राजनीतिक दलों का कांग्रेस के नेतृत्व से भरोसा उठने लगा है। निश्चित रूप से इस बारे में कांग्रेस को आत्मचिंतन करने की जरूरत है कि आखिर क्यों उसका जनाधार लगातार कमजोर हो रहा है। कांग्रेस ही एक मात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जिसे देश में सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने का अनुभव रहा है और आज भी देश के कोने-कोने में कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की फौज मौजूद है। सिर्फ जरूरत इस बात की है कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में नया उत्साह जगाया जाए और गुटबाजी का शिकार हो चली कांग्रेस को एकजुट किया जाए। यदि कांग्रेस मजबूत होगी तो यूपीए भी मजबूत होगा और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में यूपीए-एनडीए के सामने कड़ी चुनौती पेश करने में सफल होगा। यदि कांग्रेस अभी भी अपनी रीति और नीति में बदलाव नहीं करेगी तो निश्चित रूप से एक बार फिर तिसारा मोर्चा अस्तित्व में आएगा जिसके गठन की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमों ममता बनर्जी उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव कांग्रेस रहित तिसरा मोर्चा बनाने की कवायद कर रहे हैं। नीतिश कुमार शरद, शरद पवार, केसीआर और अरविंद केजरीवाल जैसे क्षेत्रिय छत्रपों को इस तिसरे मोर्चे में लाने की कोशिशें तेज हो गई है। ये सभी नेता कांग्रेस का नेतृत्व स्वीकार करने के पक्ष में नहीं है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस को चाहिए कि वह बड़ा दिल दिखाए और इस तिसरे मोर्चे को आकार न लेने दे और इन्हें यूपीए से जोड़े। तभी एनडीए और यूपीए में सीधा मुकाबला होगा और एनडीए के लिए यूपीए एक बड़ी चुनौती बन पाएगा। यदि ऐसा नहीं होता और कांग्रेस को छोड़कर बाकी राजनीतिक पार्टियां तिसारा मोर्चा बना लेती है तो वह एनडीए को पता नहीं कितना नुकसान पहुंचाएगा लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए को तो शर्तियां भारी क्षति पहुंचाएगा। तिसरा मोर्चा एनडीए की राह को ही आसान बनाएगा इसकी संभावना ज्यादा नजर आती है। कांग्रेस हाई कमान को अब इस हकिकत को समझना चाहिए कि भले ही वह एक राष्ट्रीय पार्टी है लेकिन अब उसकी स्थिति इस कदर कमजोर हो चुकी है कि बगैर क्षेत्रिय पार्टियों के सहयोग से वह भाजपा की चुनौती का सामना नहीं कर सकती।

जरूरी है प्रकृति संतुलन के लिए गौरैया का संरक्षण

योगेश कुमार गोयल

बहुत बार देखा जाता रहा है कि लोग अपने घरों में गौरैया के घोंसले को बसने से पहले ही उजाड़ देते हैं। पक्षी विज्ञानी कहते हैं कि गौरैया को फिर से बुलाने के लिए लोगों को अपने घरों में कुछ ऐसे स्थान उपलब्ध कराने चाहिएं, जहां वे आसानी से घोंसले बना सकें और घरों में बने इन घोंसलों में उनके अंडे तथा बच्चे हमलावर पक्षियों से सुरक्षित रह सकें। प्रकृति संतुलन तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए आज समय की सबसे बड़ी मांग है कि हम पक्षियों के लिए वातावरण को उनके प्रति अनुकूल बनाने में सहायक बनें अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब गौरैया सहित और भी बहुत सारे पक्षी गिद्ध तथा मॉरीशस के 'डोडो' पक्षी की भांति पूरी तरह से विलुप्त हो जाएंगे। बहरहाल, प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में हमारी सहभागी रही गौरैया के संरक्षण के लिए आज लोगों में बड़े स्तर पर जागरूकता पैदा किए जाने की सख्त जरूरत है।

स्वयं को परिस्थितियों के अनुकूल बना लेने वाली नन्हीं सी प्यारी गौरैया दो दशक पहले तक हर कहीं झुंड में उड़ती देखी जाती थी लेकिन अब यह एक संकटग्रस्त और दुर्लभ पक्षी की श्रेणी में आ गई है। भारत के अलावा यूरोप के कई हिस्सों में भी इनकी संख्या काफी कम रह गई है। तेजी से लुप्त होती गौरैया को नीदरलैंड में तो 'दुर्लभ प्रजाति' की श्रेणी में रखा गया है। जर्मनी, ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, चेक गणराज्य इत्यादि कुछ अन्य देशों में भी गौरैया की संख्या तेजी से घट रही है। पश्चिमी देशों में इनकी आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। दुनियाभर में गौरैया की कुल 26 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से पांच भारत में मिलती हैं लेकिन अब इनके अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। ब्रिटेन की 'रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स' ने भारत सहित दुनिया के अन्य हिस्सों में भी कई अध्ययनों के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' में डाला है। 'रेड लिस्ट' में उन जीव-जंतुओं या पक्षियों को डाला जाता है, जिन पर विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा होता है।

भारतीय उपमहाद्वीप में गौरैया की कुल छह प्रजातियां हाउस स्पैरो, स्पेनिश स्पैरो, डैड सी अथवा अफगान स्क्रब स्पैरो, ट्री स्पैरो अथवा यूरेशियन स्पैरो, सिंध स्पैरो तथा रसेट अथवा सिनेमन स्पैरो पाई जाती हैं। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक भारत में गौरैया की आबादी में 60 फीसदी के आसपास कमी आई है। इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के एक सर्वेक्षण के अनुसार गौरैया की संख्या आंध्र प्रदेश में करीब 80 फीसदी तथा केरल, गुजरात, राजस्थान जैसे राज्यों में 20 फीसदी तक कम हो चुकी है। इसके अलावा तटीय क्षेत्रों में इनकी संख्या 70 से 80 फीसदी तक कम होने का अनुमान है। केन्द्रीय पर्यावरण और वन मंत्रालय का भी मानना है कि देशभर में गौरैया की संख्या में निरन्तर कमी आ रही है।

पर्यावरणविदों का कहना है कि अगर गौरैया के संरक्षण के लिए समय रहते ठोस प्रयास नहीं किए गए तो संभव है कि नन्हीं सी चिड़िया गौरैया इतिहास का प्राणी बनकर रह जाए और हमारी आने वाली पीढ़ियों को इसके दर्शन केवल गूगल या किताबों में ही हो पाएं। दरअसल हम पर्यावरण के साथ जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि हमने धरती, जल, वायु प्रकृति के इन सभी तत्वों को इस कदर प्रदूषित कर दिया है कि इसका दुष्प्रभाव अब मनुष्यों के अलावा धरती पर विद्यमान तमाम जीव-जंतुओं और पशु-पक्षियों को भुगतना पड़ रहा है। गौरैया की तेजी से घटती संख्या को देखते हुए गौरैया के अलावा शहरी वातावरण में रहने वाले आम पक्षियों के संरक्षण के प्रति भी जागरूकता लाने के उद्देश्य से वर्ष 2010 से प्रतिवर्ष 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है। गौरैया की तेजी से घटती संख्या को देखते हुए दिल्ली सरकार द्वारा इसे वर्ष 2012 में राज्य-पक्षी घोषित कर दिया गया था, बिहार का भी यह राजकीय पक्षी है। पिछले दो-ढ़ाई दशकों में हमारी जीवनशैली में बहुत बदलाव आया है। अपने निहित स्वार्थों के चलते हमने जंगल उजाड़ दिए, प्रकृति का संतुलन चक्र बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे जीव-जंतुओं और पक्षियों की अनेक प्रजातियों को मारकर, उनका शिकार करके या उनके आशियाने उजाड़कर उनके अस्तित्व पर संकट पैदा कर दिया है। एक समय था, जब सुबह आंख खुलते ही गौरैया की चहचहाहट सुन हमारे दिलोदिमाग को एक अजीब सा सुकून मिलता था किन्तु अब यह चहचहाहट कहीं गायब हो गई है।

पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाशित अपनी पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें में गौरैया को लेकर मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि भोजन तथा पानी की कमी, पक्के मकान बनने से घोसलों के लिए उचित स्थानों की कमी, तेजी से कटते पेड़-पौधे, हमारी बदलती जीवनशैली, मोबाइल रेडिएशन का दुष्प्रभाव, तापमान में लगातार होती बढ़ोतरी इत्यादि कई ऐसे प्रमुख कारण हैं, जो गौरैया की विलुप्ति का कारण बन रहे हैं। खेतों में कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग से भी इनके अस्तित्व पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। पर्यावरणविदों के मुताबिक गौरेया काकून, बाजरा, धान, पके हुए चावल के दाने इत्यादि खाती है किन्तु अत्याधुनिक शहरीकरण के कारण उसके प्राकृतिक भोजन के स्रोत खत्म होते जा रहे हैं, उनके आशियाने उजड़ रहे हैं।

पेड़-पौधे लगातार तेजी से कट रहे हैं और नए जमाने के बन रहे घरों में गौरैया के घोंसले बनाने की जगह ही नहीं रही है। शहरों की बात छोड़िये, अब ग्रामीण इलाकों में भी घर बनाने के तरीके बदल गए हैं, जिससे गौरैया के लिए घोंसले बनाने की जगह खत्म सी गई हैं। अब शहर हों या गांव, हर कहीं हजारों की संख्या में मोबाइल फोन के लिए बड़े-बड़े टावर लगे हैं। इन टावरों से निकलने वाला रेडिएशन गोरैया की लगातार घटती संख्या का सबसे बड़ा जिम्मेदार कारण है। दरअसल इन टावरों से निकलने वाली इलैक्ट्रो मैग्नेटिक किरणें इस छोटे से पक्षी को उत्तेजित करती हैं, जिससे उनकी प्रजनन क्षमता बहुत कम हो जाती है और वह दिशाभ्रम की शिकार भी होती है। इससे सीधे-सीधे उनके अस्तित्व पर बहुत बड़ा असर पड़ा है। पर्यावरणविदों के अनुसार गौरैया अधिकांशतः छोटे-छोटे झाड़ीनुमा झुरमुट वाले वृक्षों पर रहती हैं लेकिन विकास की अंधी दौड़ में पेड़ों का तेजी से सफाया किया जा रहा है, जिससे गौरैया सहित अन्य पक्षियों के आशियाने भी उजड़ गए हैं।

बहुत बार देखा जाता रहा है कि लोग अपने घरों में गौरैया के घोंसले को बसने से पहले ही उजाड़ देते हैं। पक्षी विज्ञानी कहते हैं कि गौरैया को फिर से बुलाने के लिए लोगों को अपने घरों में कुछ ऐसे स्थान उपलब्ध कराने चाहिएं, जहां वे आसानी से घोंसले बना सकें और घरों में बने इन घोंसलों में उनके अंडे तथा बच्चे हमलावर पक्षियों से सुरक्षित रह सकें। प्रकृति संतुलन तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए आज समय की सबसे बड़ी मांग है कि हम पक्षियों के लिए वातावरण को उनके प्रति अनुकूल बनाने में सहायक बनें अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब गौरैया सहित और भी बहुत सारे पक्षी गिद्ध तथा मॉरीशस के 'डोडो' पक्षी की भांति पूरी तरह से विलुप्त हो जाएंगे। बहरहाल, प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में हमारी सहभागी रही गौरैया के संरक्षण के लिए आज लोगों में बड़े स्तर पर जागरूकता पैदा किए जाने की सख्त जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और पर्यावरण मामलों के जानकार हैं तथा पर्यावरण पर चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' लिख चुके हैं)

आज का पंचांग (रविवार, 19 मार्च)

सूर्योदयः 06:31, सूर्यास्तः 06:25
चन्द्रोदयः 28:11, चन्द्रास्तः 13:29

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतुः बसंत, शक सम्वतः 1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वतः 2079 (नल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : उत्तराषाढ (26:46 से श्रवण), योग : वरीयान् (06:59 से परिघ), प्रथम करण : विष्टि (14:06 तक), द्वितीय करण : बव (24:42 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : मकर (10:18 से), मंगलः मिथुन (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मेष (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त -12:01 से 12:49, अमृत काल -20:54 से 22:22, सर्वार्थसिद्धि योग- 26:46 से 30:24, विजय मुहूर्त - 14:26 से 15:14, गोधूलि मुहूर्त -18:23 से 18:48, सायाह्न सन्ध्या - 18:26 से 19:38, निशिता मुहूर्त - 24:01 से 24:49, राहुकाल - 07:30 से 09:00, राहुवास- दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड - 15:26 से 16:56, होमाहुति - राहु (26:46 से केतु), दिशाशूल - पश्चिम, अग्निवास - पृथ्वी (14:06 तक), भद्रावास - पाताल (14:06 तक), चन्द्रवास - पूर्व (दक्षिण 10:19 से), शिववास - क्रीड़ा में (14:06 से कैलाश पर)

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - चर 2 - लाभ, 3 - अमृत 4 - काल, 5 - शुभ 6 - रोग, 7 - उद्वेग 8 - चर

॥रात्रि का चौघड़िया॥

1 - रोग 2 - काल, 3 - लाभ 4 - उद्वेग, 5 - शुभ 6 - अमृत, 7 - चर 8 - रोग

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशा : दक्षिण-पूर्व (दहीलस्सी अथवा राई का सेवन कर यात्रा करें)

तिथि विशेष : वाहन क्रय-विक्रय मुहूर्त दोपहर 12:35 से सायं 05:05 तक

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम शतभिषा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (गो, सा, सी, सू) नामक्षर से से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

मीन - 30:23 से 07:46, मेष - 07:46 से 09:20, वृषभ - 09:20 से 11:15, मिथुन - 11:15 से 13:30, कर्क - 13:30 से 15:51, सिंह - 15:51 से 18:10, कन्या - 18:10 से 20:28, तुला - 20:28 से 22:49, वृश्चिक - 22:49 से 25:08, धनु - 25:08 से 27:12, मकर - 27:12 से 28:53, कुम्भ - 28:53 से 30:19

पञ्चक रहित मुहूर्त

मृत्यु पञ्चक - 06:25 से 07:46, रोग पञ्चक - 07:46 से 09:20, शुभ मुहूर्त - 09:20 से 11:15, मृत्यु पञ्चक - 11:15 से 13:30, अग्नि पञ्चक - 13:30 से 14:06, शुभ मुहूर्त - 14:06 से 15:51, रज पञ्चक - 15:51 से 18:10, शुभ मुहूर्त - 18:10 से 20:28, चोर पञ्चक - 20:28 से 22:49, शुभ मुहूर्त - 22:49 से 25:08, रोग पञ्चक - 25:08 से 26:46, शुभ मुहूर्त - 26:46 से 27:12, मृत्यु पञ्चक - 27:12 से 28:53, अग्नि पञ्चक - 28:53 से 30:19, शुभ मुहूर्त - 30:19 से 30:24

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज आप जिस भी कार्यो को करेंगे विशेषकर सरकार संबंधित उनके आरंभ में उलझने ज्यादा बढ़ेंगी।

वृष : आज भी आपका मन धार्मिक भावो से भरा रहेगा लेकिन अन्य आवश्यक कार्य रहने से ज्यादा समय नही दे पाएंगे।

मिथुन : आज भी सेहत संबंधित समस्याओं के कारण मन खराब रहेगा।

कर्क : आज का दिन कार्यसफलता देने वाला है। जिस भी कार्य को करें दृढ़ निश्चय के साथ करें विजय अवश्य मिलेगी।

सिंह : आज के दिन आप भाग-दौड़ की जिंदगी से बचने का प्रयास करेंगे लेकिन किसी ना किसी कारण से आज ज्यादा ही करनी पड़ेगी।

कन्या : आज के दिन आप अपनी बुद्धि एवं विवेक के बल पर मान-सम्मान के हकदार बनेंगे।

तुला : आप आज के दिन मानसिक रूप से अशान्त रहेंगे। पारिवारिक वातावरण गलतफहमियों के कारण उग्र रहेगा।

वृश्चिक : आज के दिन आपकी किसी बहुप्रतीक्षित कामना पूर्ति होने की संभावना है। आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत बनेगा।

धनु : आज आपकी दिनचार्य व्यवस्थित रहेगी दिन के आरंभिक भाग में किसी महत्त्वपूर्ण व्यक्ति से भेंट की योजना बनाएंगे लेकिन इससे उतना लाभ नही होगा जितनी आप आशा लगाए है।

मकर : आज दिन भर चंचलता मन पर हावी रहेगी बच्चों जैसी बातें कर हास्य के पात्र बनेंगे लेकिन आज का दिन कार्य व्यवसाय से शुभ फल दिलाएगा।

कुंभ : आज के दिन आप परस्पर सम्बंधो को लेकर चिंतित रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर भी व्यवहार की कमी के कारण पुराना अनुबंद अथवा व्यवसायिक रिश्ता खत्म हो सकता है।

मीन : आज का दिन लाभदायक है व्यस्तता आज अधिक रहेगी चाह कर भी सुस्ताने का समय नही निकाल सकेंगे। मेहनत खाली नही जाएगी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

इस जीवन रूपी कठिन मंच पर

इस जीवन रूपी कठिन मंच पर तोड़ कठपुतली के धागे खुली हवा में जीना होगा हर जंजीरों को को काट नारी है अनमोल इस उक्ति को चरितार्थ करना ही होगा नारी को अपने पर अभिमान करना ही होगा।

रेनू शब्दमुखर

नारी परिभाषा कठिन, शब्द अर्थ युग

नारी परिभाषा कठिन, शब्द अर्थ युग शोध भारती अगणित गुण प्रतिभा प्रबल, शिक्षक छात्र प्रबोध भारती छन्दस मणिका छंद से ,कीजै प्रिय सुप्रभात साथियों माँ वीणा स्वर ज्ञान दें, सुखमय शुभ दिन रात साथियों।

राजकिशोर मिश्र राज प्रतापगढ़ी

खास पाती | ख्वाबों में भी वो अब आते

ख्वाबों में भी वो अब आते नहीं ख्यालों में भी अब सताते नहीं.. बेचैनियाँ उनकी कहाँ खो गयी नींदों से भी अब जगाते नहीं..! भूल गये क्या वो जादूगरी... नज़रों में क्यूँ अब समाते नहीं ..! साँसो की सरगम ये सूनी पड़ी है धड़कन की वीणा सजाते नहीं....! धूप छाँव सी ये प्रीति तुम्हारी रूह में अपनी वो बसाते नहीं....?? लुका छिपी बहुत हो चुकी... वापस घरौंदा क्यूँ अब सजाते नहीं..? गैरों पे रहमत लुटाते फिरे. घर की साँकल अब बजाते नहीं.! **किरण मिश्रा**

बेवफा से दिल लगाता क्यों

बेवफा से दिल लगाता क्यों है, दिल टूटा तो अश्क बहाता क्यों है। तारे तोड़ कर लाने की कूवत नहीं, फिर झूठे ख़्वाब सजाता क्यों है। जानकर जो शीशे से टकराया है, अस्क बिखरा तो पछताता क्यों है। ताल से कदम मिला नहीं पाया, फिर आंगन टेढ़ा बताता क्यों है। बंद फ़िज़ा में रंगत आती नहीं है, मोहब्बत का इल्तिज़ा करता क्यों है। आंगन में कली खिलने ही न दिया फिर खुशबू की चाह में मचलता क्यों है। खिड़कियां जो तुमने बंद कर रखी है, वर्षा बहार की चाहत रखता क्यों है। **वर्षा ठाकुर**

कितना आसान हो गया है

कितना आसान हो गया है, अंधेरे में देखना। जब एक चराग जलता था, तो कुछ धुधलाता था, वो जलता तो थो, पर थरथराता था, डरता था थोड़ा-थोड़ा, मै भी घबराता था, बुझ गया है तो, कुछ मैं संभल गया हूं। बेहिचक चलना सिख गया हूं नहीं टकराता अब मैं दीवारों से गिरता भी नहीं, घबराता भी नहीं रूकता जरूर हूं, पर चलना सिख गया हूँ। **नमन कुमार मिश्रा**

दिन ढलने की ख़बर नहीं रात

दिन ढलने की ख़बर नही रात गुज़रने की ख़बर नही सांस है , जिंदा है तो ज़रूर वक्त गुज़रने की ख़बर नही। मिटते सायें हैं, सिमटे हुये यादों की किरचे बिखरते हुये ठहरे पानी मे उभरता अक्स फेंक कंकर, डगमगाते हुये।। कुछ शिकायत सी है ज़माने से कुछ गुज़ारिश भी है ज़माने से वो वक्त जो साथ दे जाते हो कुछ नुमायश सी है ज़माने से। राह मे भीड़ है हुज़्म है और मेले चलना पड़ता है फिर भी अकेले आस-पास मजलिस है यारों की रहना पड़ता है फिर भी अकेले।। **शिखा लाहिरी**

एक हो रहना...कठिन है

एक हो रहना कठिन है। बेशक तुम्हारे आगे सौ प्याले रखें हों बेशक तुम हद प्यासे हो अवसर की प्रक्रिया को समझना तुम एक प्याला चुनना बस एक घूंट चखना। प्याले को मान देना। प्यास बचाए रखना। हर रखे प्याले को मुंह न लगाना प्यास की आड़ में ज़हर न हो जाना। **कल्पना पाण्डेय**

कांग्रेस को बागेश्वर धाम

कांग्रेस को बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री कार्यक्रम से दिक्कत है। उन्होंने सीएम एकनाथ शिंदे से उन्हें रोकने की गुहार लगाई। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि उसी कांग्रेस ने मुनव्वर फारुकी और शारजील उस्मानी जैसे लोगों को महाराष्ट्र में शो आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने मंच पर केवल हिंदुओं का अपमान किया। उन्होंने अपने शो के लिए सुरक्षा भी प्रदान की। **नवीन शंकर शर्मा**

आजकल वह एक ऐसे मक़ाम

आजकल वह एक ऐसे मक़ाम से गुज़र रहा है तूफान मुट्ठी में और झंझावात से उलझ रहा है हर आते-जाते मुसाफिरों से पूछता रहता है वो के रहबर कब जमीन पे फलक से उतर रहा है। **रामकिशोर उपाध्याय**

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 20 मार्च की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः- 1351 दिल्ली के सुल्तान मोहम्मद बिन तुगलक का निधन। 1602 यूनाइटेड डच ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना। 1615 मुग़ल बादशाह शाहजहां और मुमताज़ महल का सबसे बड़े पुत्र दारा शिकोह का जन्म। 1727: महान गणितज्ञ, भौतिक वैज्ञानिक, ज्योतिर्विद एवं दार्शनिक आइज़ैक न्यूटन का निधन हुआ। 1739 नादिरशाह ने दिल्ली सल्तनत पर कब्ज़ा किया। 1814 प्रिंस विलियम फ्रेडरिक नीदरलैंड का शासक बना। 1904 सी. एफ एंड्रूज महात्मा गाँधी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल होने भारत आये। 1916 अल्बर्ट आइंस्टीन की किताब जनरल थ्योरी ऑफ रिलेटिविली का प्रकाशन हुआ। 1920 लंदन से दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली उड़ान शुरू हुई। 1956 ट्यूनीशिया को फ्रांस से आजादी मिली। 1956 सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया। लंदन वेस्टमिनिस्टर के सेंट्रल हॉल में प्रदर्शनी के लिए रखा गया।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारतीय सेना ने क्वांटम लैब की स्थापना किस स्थान पर की है?
2) किस राज्य सरकार ने मीनदम मंजप्पाई योजना को शुरू किया है?
3) नॉर्ड स्ट्रीम 1 और 2 पाइपलाइन रूस और जर्मनी को किस सागर से होकर जोड़ती है?
4) वर्ष 2023 में इंटरपोल महासभा की मेजबानी कौन करेगा?
5) किसे अंतर्राष्ट्रीय साहित्य में योगदान के लिए 2023 पेन/नाबोकोव पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा?

उत्तरमाला- (1) महू, मध्यप्रदेश (2) तमिलनाडु (3) बाल्टिक सागर (4) ऑस्ट्रिया (5) सलमान रुश्दी

प्रेरक प्रसंग- श्रद्धा और विश्वास

एक बहुत ही पढ़े लिखे सूट, बूट, टाई में रहने वाले बाबूजी थे। वे बाबूजी हमेशा अंग्रेजी में ही बात किया करते थे चाहे किसी को डाटना हो, या प्यार करना। आशीर्वाद भी अंग्रेजी में दिया करते थे।

उनका एक लड़का था सोनू, वह एक दिन अचानक बीमार पड़ गया, बाबूजी परेशान हो गए डॉक्टरों को बुलवाया, वैद्य हकिम, भी आये सबने दवाई दी परन्तु उनका लड़का सोनू फिर भी ठीक न हुआ और उसकी बीमारी बढ़ती ही गयी।

फिर एक दिन एक साधु बाबा आये, उन्होंने बाबूजी जी को कहा की भगवान् में प्रसाद और सिंदूर वगरा कुछ सामान चढ़ा दो, तो आपका लड़का ठीक हो जायेगा।

इतने में बाबू जी ने कहा की मुझे पत्थर वगरा पर यकीन नहीं है। फीर भी तुम कहते हो और मेरे बेटे के बीमारी का सवाल है तो ठीक है मै यह कर लूंगा। एसा बोल कर बाबूजी बेटे के ठीक होने के लालच में इतना कर आये।

परन्तु सोनू की बीमारी वैसे की वैसी थी कोई सुधार नहीं हो रहा था। और सवेरे गुस्से से साधु बाबा के पास गए और बोले की मेरा बेटा ठीक नहीं हुआ उसकी तबियत अभी भी वैसी की वैसी है। साधु बाबा बोले लाओ मुझे सिंदूर, प्रसाद दो

फीर साधु बाबा ने पूजा अर्चना की और पूजा का सिंदूर लेकर लड़के के सर पर लगाया। कुछ देर में लड़का उठ कर बैठ गया और उसकी बीमारी भी ठीक हो गया।

बाबूजी आश्चर्य में पड़ और बाबा से पूछने लगे की आपकी पूजा से मेरा लड़का ठीक हो गया परन्तु मेरे पूजा करने से इसमें कोई प्रभाव नहीं पड़ा ऐसा क्यों।

तब साधू बाबा ने कहा की तुमने पूजा ही कब की कहने का तात्पर्य यह है की बिना श्रद्धा और विश्वास के पूजा का कोई मतलब नहीं है। पूजा तभी सफल होती है जब मन में श्रद्धा और विश्वास हो।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -008

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. बनोपज, बन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 007 का हल

गु	मा	न	■	■	प	यो	द	■
न	■	ह	क	दा	र	■	ल	य
ह	वा	ला	त	■	च	■	द	म
गा	■	■	रा	ज	म	ह	ल	■
र	ई	स	■	ग	■	स	■	अ
■	मा	■	प	त	वा	र	■	ल
ख	न	क	ना	■	ह	त	■	बे
स	दा	■	ह	■	वा	■	शो	ला
गा	र	■	■	■	ही	र	क	■

न्यूज गैलरी

मानवीयता और संवेदनशीलता की मिसाल

रायपुर/नवप्रदेश। मरीज को अस्पताल के वार्ड तक पहुंचाते हुए यह कोई वार्ड ब्वाय नही मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के कलेक्टर पी एस ध्रुव है। शुक्रवार को अस्पताल के औचक निरीक्षण पर खड़गवां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे कलेक्टर पी एस ध्रुव की नजर जब अस्तपाल के बाहर दर्द से कराहती हुई महिला देव कुंवर उम्र 50 वर्ष ग्राम जरौंधा निवासी पर पड़ी, तो कलेक्टर मानवीयता और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करने खुद को न रोक पाए। कलेक्टर ने फौरन व्हील चेयर पर दर्द से कराहती हुई महिला को बिठाकर खुद व्हीलचेयर चलाकर अस्पताल के वार्ड में भर्ती कराया और डॉक्टरों को महिला के बेहतर इलाज करने के निर्देश दिये।

नवीन भारतीय खाद्य निगम के छग सलाहकार समिति के सदस्य बने

रायपुर/नवप्रदेश। वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन एवं खाद्य व उपभोक्ता मामले के केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे की अनुशंसा पर कोरबा जिला भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला महामंत्री नवीन पटेल को भारतीय खाद्य निगम के छत्तीसगढ़ के सलाहकार समिति सदस्य बनाया गया है। पटेल लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों एवं संगठन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है, जिसके फलस्वरूप भाजपा प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ भारतीय खाद्य निगम का सलाहकार समिति सदस्य का नियुक्त नई जिम्मेदारी सौंपी है। इसे आने वाले दिनों में खाद्य विभाग की समस्या व किसानों की बात सीधे देश की राजधानी दिल्ली तक पहुंच सकेगी और उनकी समस्याओं का त्वरित निदान भी हो सकेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के किसानों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी उन्हें सारी जानकारियां मुहैया हो सकेगी। पटेल किसानों से विशेष लगाव रखते हैं और हर समस्याओं का त्वरित निदान हो सके इस दिशा पर उनका विशेष जोर होगा। पटेल के खाद्य निगम सलाहकार सदस्य के रूप में नियुक्ति होने से निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित कोरबा जिला भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आठ आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आठ आरोपियो को रायपुर पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इसमें पांच युवक और तीन युवतियां है। आरोपित फर्जी काल सेंटर खोलकर यह फर्जीवाड़ा कर रहे थे। आरोपितों ने भिलाई स्टील प्लांट में लाइजनिंग का काम करने वाले एक शख्स से लाखों की ठगी की थी। लोन दिलाने के नाम पर पहले तो एक अज्ञात फोन कालर ने महमूद को झांसे में लिया। फिर किस्तों में करीब 26 लाख रुपये जमा करा लिए। महमूद की शिकायत पर पुलिस ने फोन करने वाले अज्ञात शख्स के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

यह है मामला : तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। टिकरापारा निवासी महमूद अंसारी ने शिकायत दर्ज कराई है। महमूद भिलाई स्टील प्लांट में लाइजनिंग का काम करता है। उसके मोबाइल नंबर पर 16 फरवरी 2022 को एक फोन आया। फोन करने वाले ने सुजाता जैन सिटी फाइनेंस मुंबई का कस्टमर मैनेजर होना बताया। कंपनी के जरूरतमंदों को लोन देने की जानकारी भी दी। महमूद को 17 लाख रुपये लोन की जरूरत थी। महमूद अंसारी के सहमति देने पर लोन देने के लिए कागजात बनाने के लिए प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। उनकी बातों पर यकीन कर महमूद अंसारी ने आधार कार्ड, पैन कार्ड, चेक बुक और एक फोटो व्हाट्सएप कर दिया। सबसे पहले 4 हजार रुपये प्रोसेसिंग फीस के लिए दिया। उसके बाद अलग अलग चीज के नाम पर रुपये जमा करने बोला गया। कभी 20 हजार, कभी 15 हजार तो कभी 45 हजार। इस तरह अलग अलग किस्तों पर कुल 25 लाख 86 हजार 681 रुपए जमा व ट्रांसफर किया, लेकिन लोन नहीं मिला। इसके बाद महमूद अंसारी ने थाना पहुंचकर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है।

भोपाल से रायपुर तक हवाई सफर आसान, रोज संचालित होगी उड़ान

रायपुर/नवप्रदेश। भोपाल से रायपुर तक का हवाई सफर अब और आसान हो जाएगा। इस रूट पर संचालित इंडिगो की उड़ान 27 मार्च से सप्ताह के सभी सात दिन संचालित होगी। अभी तक यह उड़ान सप्ताह में चार दिन संचालित होती है। गौरतलब है कि भोपाल से रायपुर के बीच सबसे पहले एलाइंस एयर ने सीधी उड़ान शुरू की थी। कंपनी की उड़ान जयपुर से भोपाल आकर बाद में रायपुर जाती थी। वापसी में यह उड़ान रायपुर से भोपाल आकर जयपुर रवाना होती थी। यह उड़ान चार साल पहले बंद कर दी गई। इसके बाद जेट एयरवेज ने डायरेक्ट उड़ान शुरू की। लेकिन यह कंपनी ही बंद हो गई। हाल ही में इंडिगो ने इस रूट पर सीधी उड़ान शुरू की है। यह उड़ान सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को संचालित होती है। उड़ान संख्या 6-ई 7568/7569 का शेड्यूल, भोपाल से प्रस्थान - शाम 5.25 बजे, रायपुर आगमन - शाम 6.55 बजे, रायपुर से प्रस्थान - शाम 7.20 बजे, भोपाल आगमन - रात्रि 8.50 बजे

हुक्का सामग्री बेचते पकड़ा गया युवक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बांसटाल इलाके में मुस्कान बेल्ट एंड चश्मा सेंटर पर पुलिस ने दबिश देकर हुक्का सामग्री बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। राज्य में हुक्का पिलाने और सामग्री बेचने के प्रतिबंध के बावजूद दुकान संचालक रजा चांगल बेल्ट, चश्मा और टोपी की आड़ में चोरी छिपे हुक्का सामग्री बेच रहा था। गोलबाजार थाना पुलिस ने दबिश देकर आरोपी रजा चांगल को पकड़ लिया है।

मौसम विभाग ने जारी किया 12 घंटे का अलर्ट, ओलावृष्टि के साथ बिजली गिरने की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है. अचानक बदले मौसम से लोगों को गर्मी से राहत मिली है. बदले मौसम के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में अंधड़, तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हो रहे हैं और ओला वृष्टि भी हुई है. शनिवार को भी आसमान में बादल छाए हुए हैं और प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी केर साथ बारिश हो रहे हैं. मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि आज प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश के साथ एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात, अंधड़ और ओलावृष्टि हो सकती है। मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर, बिलासपुर, राजनादगांव, कवर्धा, बालोद, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले सहित अन्य जगहों पर तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है. पिछले तीन दिनों से बदले मौसम की वजह से तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के मुताबिक, एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और एक अन्य पूर्वोत्तर राजस्थान में निचले क्षोभमंडलीय स्तरों में स्थित है. क्षोभ मण्डल के निचले स्तर में तमिलनाडु से उत्तर कोंकण तक एक ट्रफ़वायु विच्छिन्नता मौजूद है. आज अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है. प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज- चमक के साथ वज्रपात होने, अंधड़ चलने तथा ओलावृष्टि होने की संभावना है. मौसम वैज्ञानिक एच पी. चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से एक साइक्लोनिक सरकुलेशन राजस्थान के ऊपर में बना हुआ है, इन दोनों के कंबाइंड के कारण बंगाल की खाड़ी से वज्रपात में नमी आ रही है, साथ ही एक द्रोणिका है जो कर्नाटक से लेकर झारखंड तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए गया है, जिसके कारण से पूरे प्रदेश भर में कुछ स्थानों में हल्की से बारिश निर्मित हुई है. आने वाले 24 घंटे में अनेक स्थानों में हल्की से मध्यम गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

मुख्यमंत्री बघेल से रोटरी इंटरनेशनल प्रेसीडेंट शेखर मेहता ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहाँ उनके निवास कार्यालय में राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा के नेतृत्व में रोटरी क्लब के इमिडीएट पास्ट रोटरी इंटरनेशनल प्रेसीडेंट शेखर मेहता ने सौजन्य मुलाकात की । उन्होंने मुख्यमंत्री को बैज लगाकर रायपुर रोटरी क्लब का ऑनररी मेम्बर बनाया । मुख्यमंत्री बघेल ने इस सम्मान के लिए मेहता को धन्यवाद दिया । इस अवसर पर संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय, सुभाष साहू और उत्तम गर्ग भी उपस्थित थे ।

लोगों को नशे से बचाने राज्य में चलेगा वृहद जन आंदोलन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ की जनता को नशे से बचाने के लिए वृहद आंदोलन की शुरूआत करने का आग्रह किया है। उन्होने पत्र में कहा है कि नशा हमारे जीवन के लिए हानिकारक है। समाज के सभी वर्गो को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नुकसान उठाना पड़ता है। आपकी सरकार आने के बाद आपने पुलिस और सरकार के माध्यम से मिलकर महिला बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला आयोग सबने मिलकर प्रयास किया है कि नशे पर रोक लग सके और इसका असर भी हुआ हैं।

डॉ. नायक ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि आपने महसूस किया होगा इसको जन आंदोलन में बदलने की आवश्यकता हैं।

ऑस्कर विजेता तेजा से मुख्यमंत्री के सलाहकार ने की मुलाकात, दिया छत्तीसगढ़ आने का न्यौता

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार गौरव द्विवेदी ने दिल्ली में शुक्रवार को ऑस्कर विजेता अभिनेता रामचरण तेजा से मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति के साथ ही राज्य सरकार की फिल्म नीति की जानकारी दी। उन्होंने तेजा को छत्तीसगढ़ आने का न्यौता भी दिया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। उन्होंने इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की और कहा कि जब भी उन्हें मौका मिलेगा तो वे जरूर छत्तीसगढ़ आना चाहेंगे।

राज्यपाल से छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष जस्टिस गौतम ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर जस्टिस चैरड़िया ने फोरम की गतिविधियों की जानकारी दी।

प्रदेश सरकार बताए, बाघों पर 183 करोड़ से ज्यादा रकम कहां खर्च की गई : भाजपा

- **पूर्व वन मंत्री गागड़ा ने पूछा क्या अब अन्य प्राणियों की राशि में भ्रष्टाचार की नई इबारत लिखी जा रही है?**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि प्रदेश सरकार ने पिछले 2019 से 2022 (तीन वर्षो) में राज्य भर के कुल 19 बाघों पर 183.77 करोड़ खर्च कर दिए जबकि विशेषज्ञों व वन्यजीव संरक्षण के अभियान के लिए काम करने वालों का मानना है कि रिजर्व फॉरेस्ट के बाघों के खान-पान पर कोई खर्च ही नहीं किया जाता।

पूर्व वन मंत्री एवं भाजपा नेता गागड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार क्या अब वन्य प्राणियों के लिए तयशुदा बजट राशि में भी भ्रष्टाचार का कोई नया अध्याय लिख रही है? गागड़ा ने कहा कि 2019 से 2022 के वर्षो में खर्च की गई इतनी बड़ी रकम के बारे में प्रदेश सरकार स्थिति स्पष्ट करे। हर क्षेत्र में कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार और घोटाले करके छत्तीसगढ़ को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बनाने वाली मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार नित नए घोटालों की इबारत लिख रही है और अब तो वन्य प्राणियों की बजट की राशि को लेकर सामने आए तथ्य इस सरकार के भ्रष्टतम राजनीतिक चरित्र की गवाही दे रहे है। गागड़ा ने कहा कि रिजर्व फॉरेस्ट में पेट्रोलिंग को छोड़कर बाघों पर कोई खर्च नहीं होता और न ही वहां कोई बड़ा निर्माण कार्य हो सकता है। यह जंगल है और बाघों को वहां नितांत प्राकृतिक वातावरण में रखना होता है, तब यह रकम कहां खर्च की गई?

भाजपा नेता व पूर्व मंत्री गागड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार वन्य जीव संरक्षण और संवर्धन के नाम पर भी कोरी लफ्फाजी कर रही है। इस सरकार में न केवल वन्य प्राणियों की मौत, शिकार और तस्करी के मामले बढ़े हैं, अपितु जंगली इलाकों में बसे गांव में वन्य प्राणियों के मामलों में ग्रामीणों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। गागड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले 4 साल में जंगली हाथियों के हमले में 204 लोगों की मौत हुई। इसी तरह 45 हाथी भी सुरक्षा की बदइंतजामी के चलते मारे गए। वन्य प्राणियों के शिकार और उनकी तस्करी के मामलों में बेहद इजाफा होना प्रदेश की कांग्रेस सरकार के नाकारापन की ताकीद कर रहे हैं। गागड़ा ने कहा कि हाथियों के खान-पान के लिए, हाथियों को धान खिलाने की शेखी बघारती प्रदेश सरकार हाथ बांधे बैठी नजर आ रही है। हाथियों को आबादी इलाकों में आने-जाने से रोकने के लिए रिजर्व लेमरू प्रोजेक्ट का भी अब तक कोई अता-पता नहीं है। कुल मिलाकर प्रदेश सरकार ने अपने कुकर्मों और भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए शिगूफे छोड़ने के अलावा कोई ठोस काम नहीं किया है। अब बाघों पर 183.77 करोड़ रुपए के खर्च का यह सच इस सरकार को कठघरे में लाने के लिए पर्याप्त है।

पं. रविशंकर शुक्ल विवि में 'राष्ट्रीय आंदोलन की विभिन्न धाराएं' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में ''राष्ट्रीय आंदोलन की विभिन्न धाराएं - सुभाषचंद्र बोस और आजाद हिंद फौज के विशेष संदर्भ में '' केन्द्रित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के प्रथम अकादमिक सत्र के अध्यक्ष प्रो. के.के. अग्रवाल ने सुभाषचद्र बोस के विचारों का छत्तीसगढ पर पड़ने वाले प्रभाव और बोस के अनुयायी छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय नेताओं द्वारा उन्हें आगे बढ़ाने के विषय पर चर्चा की। रिर्सोस पर्सन धनंजय राठौर, संयुक्त संचालक जनसंपर्क ने आजाद हिंद फौज की स्थापना पर चर्चा करते हुए बताया कि सुभाषचंद्र बोस महिला-पुरूष के समानता के समर्थक थे, इसे मूर्त रूप देने हेतु महिलाओं की पृथक रेजीमेंट बनायी गई थी। इस सत्र में कुल 08 शोधपत्रों का वाचन शोधार्थियों के द्वारा किया गया।

द्वितीय अकादमिक सत्र के अध्यक्ष प्रो.बी.एल. भदानी ने राष्ट्रीय आंदोलन की विभिन्न धाराओं में सुभाषचंद्र बोस के योगदान पर प्रकाश डालते हुए अल्पज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में अनुसंधान करने की जरूरत पर बल दिया। रिसोर्स पर्सन प्रो. पी.सी. महतो, शासकीय मजदूर कन्या महाविद्यालय पलामू, झारखंड ने सुभाषचंद्र बोस के व्यक्तित्व पर बात की। रिसोर्स पर्सन प्रो. अनिल कुमार पाण्डेय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग ने आजाद हिंद फौज के गठन और इससे जुडे विभिन्न पहलूओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की। इस सत्र में कुल 10 शोध पत्रों का वाचन किया गया।

तृतीय अकादमिक सत्र के अध्यक्ष प्रो. एल.एस. निगम ने सुभाषचंद्र बोस का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान की चर्चा करते हुए उदाहरण के माध्यम से समझाया कि जिस प्रकार दो रेल पटरी समानांतर चलती है और अंतिम छोर में एक साथ मिल जाती है ठीक उसी प्रकार भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की विचारधारा और सुभाषचंद्र की विचारधारा अलग-अलग है पर लक्ष्य एक है। रिसोर्स पर्सन प्रो. एस.आई. कोरेटी, विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग, तुकडोजी संत महाराज विश्वविद्यालय नागपुर ने ''नेताजी के सपनों के भारत'' विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सुभाषचंद्र बोस कहते थे स्वाधीन भारत का कोई राजनैतिक दर्शन होना चाहिए। उन्होंने उनके राष्ट्रीय आंदोलन के मुख्य धारा में राजनैतिक योगदान की बात की। सुभाषचंद्र बोस की विचारों का आज भी छत्तीसगढ के बालोद जिले के बाघमर गांव में प्रत्येक वर्ष 5 दिसंबर से लगातार तीन दिन तक कंगला मांझी की स्मृति दिवस पर आदिवासी बंधुओं के द्वारा सुभाषचंद्र के वेशभूषा धारण कर उनके विचारों की प्रासंगिकता को जीवित रखे हुए है।

एक्सिस बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए आसानी से ट्रांजेक्शन के लिए यूपीआई लाइट को सक्षम बनाया

- **इस नए फीचर से ग्राहक 200 रुपये तक के छोटे ट्रांजेक्शंस के लिए सिर्फ एक बार टैप करके तुरंत भुगतान कर सकेंगे**

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के तीसरे सबसे बड़े निजी बैंक, एक्सिस बैंक ने आज यूपीआई लाइट लॉन्च किया। इस नए फीचर से ग्राहक 200 रुपये तक के छोटे ट्रांजेक्शंस के लिए सिर्फ एक बार टैप करके तुरंत भुगतान कर सकेंगे और उन्हें यूपीआई पिन के उपयोग की जरूरत नहीं पड़ेगी। ग्राहक यूपीआई ऐप में अपने लाइट खाते को प्रबंधित कर सकते हैं जहां वे उपलब्ध शेष राशि, पिछले लेन-देन देख सकते हैं और टॉप-अप कर सकते हैं।

यूपीआई लाइट समाधान को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सितंबर, 2022 में लॉन्च किया गया था और एक्सिस बैंक इस नवाचार को अपनाने वाले प्रारंभिक बैंकों में से एक रहा है।

एक्सिस बैंक यूपीआई लाइट का लाभ उठाने के लिए, ग्राहकों को अपने यूपीआई ऐप्स* में एक्सिस बैंक के लिए यूपीआई लाइट को सक्षम करना होगा। वे अपने ऐक्सिस बैंक खाते से अपने लाइट खाते में पैसा डालकर इस सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। यह सुविधा वर्तमान में यूपीआई लाइट फीचर को सपोर्ट करने वाले यूपीआई ऐप्स में काम करेगी और उस यूपीआई ऐप्प में ग्राहकों का एक्सिस बैंक खाता होना चाहिए। इस सुविधा के लाभों में से एक यह है कि ग्राहक पीक आवर्स के दौरान बिना किसी परेशानी के छोटे मूल्य के कई लेनदेन भी कर सकते हैं।

कार्यशाला | नियमितीकरण से व्यापारी और आम लोग होंगे लाभान्वित : पारवानी

नियमितीकरण को लेकर कार्यशाला का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर भवन में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स तथा रायपुर नगर निगम आयुक्त एवं टीम के संयुक्त तत्वाधान में अतिरिक्त निर्माण के नियमितीकरण को लेकर कार्यशाला रखी गई जिसमे प्रदेश के विभिन्न व्यापारिक संगठन एवं बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि आज चेंबर एवं रायपुर नगर निगम टीम के संयुक्त तत्वाधान में नियमितीकरण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, अतिरिक्त आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, बी आर अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में नगर निगम आयुक्त ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम वहां उपस्थित व्यापारियों को नियमितीकरण के नियमों से अवगत कराया साथ ही, अतिरिक्त निर्माण जिनका नियमानुसार नियमितीकरण किया जा सकता है की जानकारी प्रदान करते हुए इसके लाभ बताए। आयुक्त ने आगे बताया कि व्यापारियों एवं आम लोगों द्वारा पूर्व में किए गए अतिरिक्त निर्माण जो नियमितीकरण के अधीन है उनका नियमितीकरण किया जायेगा। अतिरिक्त निर्माण से सम्बंधित शुल्क, व्यक्ति द्वारा निगम में जमा कराने के पश्चात् पूर्व में किया गया अतिरिक्त निर्माण वैध हो जाएगा।

कार्यशाला में उपस्थित व्यापारी एवं पदाधिकारियों ने नगर निगम आयुक्त से बाजारों एवं अपने क्षेत्रों से सम्बंधित नियमितीकरण के सम्बंध में महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे जिनका आयुक्त महोदय ने विस्तृत रूप से मार्गदर्शन किया।

पारवानी ने आगे कहा कि व्यापारिक क्षेत्रों में कई ऐसे व्यापारिक एवं रेसिडेंशियल क्षेत्रों में अपने अव्यश्यकता अनुसार निर्माण कार्य करवाए हैं परंतु किसी कारण वश वह कार्य वैध नहीं हो सके वे नियमितीकरण के माध्यम से अपने निर्माण को पूर्णतः वैध करा सकते हैं। शासन द्वारा व्यापारियों को हो रही परेशानियों को दूर करने एवं उनके हितों को ध्यान में रखते हुए नियमितीकरण की यह प्रक्रिया लाई गई है। चेंबर एवं व्यापारिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में नियमितीकरण से सम्बंधित शिविर लगाए जायेंगे जिसमे सम्बंधित जोन के निगम अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

शासन द्वारा नियमितीकरण को लेकर व्यापारियों के समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु यह कार्य किया जा रहा है ताकि प्रदेश के समस्त व्यापारी एवं जनता इसका लाभ ले सके। शासनङ्कप्रशासन द्वारा अतिरिक्त निर्माणों के नियमितीकरण हेतु उठाए जा रहे कदम का चेंबर स्वागत करता है।

इस अवसर पर चेंबर सलाहकार सुरिंदर सिंह, चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, राम मंधान, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, अतिरिक्त आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, बी आर अग्रवाल, चेंबर उपाध्यक्ष हीरा मखीजा, मनोज कुमार जैन, पृथ्वीपाल छाबड़ा, जय नानवानी, नरेन्द्र हरचंदानी, भरत जैन, अनिल केवलानी, विकास पंजवानी, अजय तनवानी, विजय जाधवानी, संगठन मंत्री महेंद्र बगरोडिया, चेंबर मंत्री शंकर बजाज, निलेश मुंधडा, दिलीप इसरानी, जयराम कुकरेजा, शर्मद इमाम, शोएब अंसारी, युवा चेंबर महामंत्री कांति पटेल, उपाध्यक्ष विपुल पटेल, समीर वन्श्यानी, सदस्य अवनीत सिंह, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए भूमिपूजन

प्रतापपुर(कुंडा)/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामपंचायत प्रतापपुर मे सतनाम सांस्कृतिक मंच निर्माण की भूमिपूजन छत्तीसगढ़ राज्य पिछडा वर्ग आयोग सदस्य माननीय महेश चन्द्रवँशी एवँ अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण सदस्य माननीय दिनेश कोसरिया तथा उपस्थित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तथा ग्राम के सम्मानित वरिष्ठ जनो की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। तथा ग्रामपंचायत प्रतापपुर के आश्रित ग्राम लालपुर में नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया । विकास कार्यों की सौगात पाकर सम्बन्धित जनो में काफ़ी उत्साहित रहें। मुख्य अतिथि महेश चन्द्रवँशी ने विधिवत भूमिपूजन एवं लोकार्पण का कार्यक्रम संपन्न कर ग्रामणो को संबोधित करते हुए । कांग्रेस सरकार की विकास के प्रति समर्पण एवं भुपेश बघेल के जनकल्याण योजनाओं का विस्तृत चर्चाए की।ग्रामीणों तथा जनप्रतिनिधियों ने इस विकास कार्यों की निर्माण के लिए महेश चन्द्रवँशी जी का आभार एवं धन्यवाद जाहिर किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश चन्द्रवँशी के साथ अध्यक्षता अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण सदस्य माननीय दिनेश कोसरिया विशिष्ट अतिथि उत्तरा दिवाकर (ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस), राजू चंद्रवशी जी(जनपद सदस्य), शांति रामकुमार बंजारे (जनपद सदस्य),श्रीमान जलेश्वर भारतद्वाज जी(वरिष्ठ नेता), विकास भारतद्वाज(युवा नेता), माननीय गोरे चंद्राकर (वरिष्ठ कांग्रेसी) , उतरा चंद्राकर जी ग्रामपंचायत प्रतापपुर सरपंच कुमारी बाई यादव रामकुमार ठाकुर (पूर्व ब्लाक अध्यक्ष),गौतम शर्मा जी(प्रवक्ता),शिव गुप्ता, प्रकाश चन्द्रवंशी (युवा कांग्रेस),पंच ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

शराब परिवहन करते एक युवक गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। 90 पौवा देशी मदिरा मशाला शराब का परिवहन कर रहे एक युवक को शहर पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जब्त शराब की कीमत तकरीबन 9900 रूपये एवं एक काले रंग का मोपेड स्कूटी

एक्टीवा सोल्ड को भी पुलिस ने जब्त किया है। उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी अरुण साहु ने बताया की पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के द्वारा दिए गए निर्देश एवम अति0 पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशिष अरोरा के दिशा निर्देश पर

मुखबीर की सूचना पर रावणभाठा मैदान के सामने भाटापारा के पास आरोपी आशीष वर्मा निवासी अमलीडिह को पकडे जिसके कब्जे से एक नीला रंग की काटन झोला राजश्री लिखा में रखे 90 पौवा देशी मदिरा मशाला शराब एवं एक काले रंग का होण्डा एक्टीवा को जब्त किया है।आरोपी आशीष वर्मा के विरूध्द अपराध पंजीबद्व कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अरूण साहू के निर्देशन में सउनि कुबेर सिंह आरक्षक अश्वनी ध्रुव, हरेन्द्र कोसरे का विशेष योगदान रहा।

सट्टा पट्टी के साथ 1 सटोरिया गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर में चल रहे सट्टे पर शहर पुलिस और सायबर सेल की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए सट्टा पट्टी के साथ एक युवक को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।वही उसका मोबाइल भी जब्त किया है। उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी अरुण साहु ने बताया की मुखबीर से सूचना मिला कि ओवर ब्रीज के नीचे दुर्गा राइस मिल के पास अमितेश कुर्रे सकिन परसवानी (क) के द्वारा रूपये पैसे की अंको से सट्टा पट्टी लिखकर अधिक पैसे का लालच देकर सट्टा जुआ खेला रहे है कि सूचना पर घेराबंदी, रेड कार्यवाही कर आरोपीअमितेश कुर्रे को पकड़े जिसके कब्जे से सट्टा पट्टी,नगदी रकम 4430 रूपये एवं विवो कंपनी का मोबाइल फोन को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 4 क जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अरूण साहू के निर्देशन में सउनि कुबेर सिंह,सायबर टीम बलौदाबाजार से प्रधान आरक्षक नरेश खुटे, विजेन्द्र निराला, लोरिक शांडिल्य, अंजोर मांझी का विशेष योगदान रहा।

यादव समाज के 15 नृतक दल को 3.75 लाख स्वीकृत परिवहन मंत्री अकबर ने जनसंपर्क निधि से राशि दी

■ **प्रत्येक नृतक दल को 25-25 हजार रूपए का किया गया चेक वितरण**

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति और लोक परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने अपने जनसम्पर्क निधि से कबीरधाम जिले के दुधकंवरा अहिर यादव समाज के 15 नृतक दल को 3 लाख 75 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की। मंत्री श्री अकबर ने अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे में जिले के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होकर समाज और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए घोषणाएं की है, जिसकी स्वीकृति प्रदान की गई है। रेस्ट हाउस रेंगाखार कला में दुधकंवरा अहिर यादव समाज के प्रत्येक नृतक दल को 25द्द25 हजार रूपए का चेक वितरण किया गया।

यादव समाज ने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और केबिनेट मंत्री श्री अकबर को धन्यवाद ज्ञापित किया।

केबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक श्री अकबर अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर जिले के अंतिम छोर में बसे गावों में पहुंचकर वहां के निवासियों से सीधा संवाद कर रहे है। वहां के ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी मांग, समस्या और शिकायतों को सुनकर उसका निराकरण भी कर रहे है। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होकर समाज को आगे बढ़ाने और संस्कृति को जीवंत रखने लगातार कार्य किया जा रहा है। मंत्री श्री अकबर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होकर उनके विकास के लिए घोषणाएं भी की है। जिसकी स्वीकृति दी गई है।

दुधकंवरा अहिर यादव समाज के 15 नृतक दल को किया गया चेक वितरण केबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने अपने जनसम्पर्क निधि से 15 दुधकंवरा अहिर यादव समाज के नृतक दल को 3 लाख 75 हजार रुपए की राशि स्वीकृत दी। इनमें ग्राम बाधाटोला के गांधीराम यादव, अगरी के धन सिंह यादव, उसरवही के चोवाराम, भेलवाटोला के सामरू यादव, खमरिया के सवन लाला यादव, नयाबाड़ा के दशरत यादव, बावातालाब के महरू यादव, लावा के महंगू यादव, कोयलारझोरी के धूरसिह यादव, लोहारीडीही के कार्तिक यादव, कवर्धा के रोहित यादव, नगवाही के जैपाल यादव, गीधनखार के भुवन यादव, रेंगाखार कला के विकास यादव और अंगना के धनीराम यादव को चेक का वितरण किया गया।

भक्त माता कर्मा संपूर्ण मानव जाति के लिए आदर्श : आशीष छाबड़ा

■ **नगर साहू संघ बेमेतरा समाजिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा**

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर बेमेतरा में नगर साहू संघ बेमेतरा द्वारा आयोजित भक्त मां कर्मा जयती एवं शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए।सर्वप्रथम भक्त मां कर्मा मंदिर में की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सूख, समृद्धि और खुशहाली की कामना एवं नगर साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का नारियल तोड़ भूमिपूजन किए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि यदि हमारे मन में अटूट विश्वास, श्रद्धा और समर्पण हैं, तो कोई भी ऐसा लक्ष्य नहीं हैं, जिसे हासिल ना किया जा सकें। भक्त माता कर्मा ने यह साबित किया कि भक्त की श्रद्धा में यह शक्ति हैं कि भगवान को भी प्रकट होने पर विवश कर दे। भक्त माता कर्मा ने हमें प्रेम, भक्ति भाव, करुणा और मानव सेवा का पाठ पढ़ाया हैं। उन्होंने हमें अन्याय से लड़ना सिखाया, आराध्य माता कर्मा के जीवन से आत्मबल, परोपकार, समाजिक समरसता, निर्भीकता, साहस, पुरूषार्थ, समानता, दया, करूणा, भक्ति और राष्ट्रभावना की शिक्षा मिलती हैं। वे अन्याय के आगे कभी झुकी नहीं, उन्होंने संसार के हर दुःख-सुख को स्वीकारा और डट कर उसका मुकाबला किया। गृहस्थ जीवन पूर्ण सम्पन्नता के साथ यापन कर नारी जाति का सम्मान बढ़ाया। अपनी भक्ति भाव से साक्षात भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और अपनी गोद में लेकर बालकृष्ण को अपने हाथों से खिचड़ी खिलायी। छत्तीसगढ के विकास में साहू समाज का महत्वपूर्ण योगदान है, साहू समाज मेहनत करने वाला और विकास की राह में आगे बढ़ने की समाज हैं। प्रदेश की सरकार भक्त माता कर्मा, दानवीर भामाशाह के बताए हुए मार्गो में चल रही हैं।

विधायक शर्मा ने पुलिस पर बर्बरता के लगाए आरोप

भाटापारा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा घेराव के दौरान पुलिस ने बर्बरता की है। इस आशय का आरोप भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा ने विधानसभा में लगाते हुए कहा कि हितग्राहियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। गरीब हितग्राहियों पर लाठीचार्ज किया गया। आवास मांगने पर वाटर कैनन का प्रयोग किया गया। कांग्रेस के लोग जनता का दर्द नहीं जानते। गरीबों पर लाठी चलाया गया यह हंसी मजाक का विषय नहीं है।

शिवरतन के बयान पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। विस उपाध्यक्ष ने गृहमंत्री को निर्देश दिया कि शिवरतन शर्मा के आरोपों पर जवाब दें।

बता दें कि रायपुर में भाजपा द्वारा 15 मार्च को करीब एक लाख लोगों के साथ विधानसभा के घेराव का प्रयास किया था, इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जमकर शक्ति-प्रदर्शन किया । बेरीकेटिंग तोड़ने में भी कामयाब हुए हैं। बेरीकेटिंग तोड़कर वे आगे बढ़े तो उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन से उन पर पानी की बौछार कर दी। वहीं कुछ जगहों पर इसके साथ ही पुलिस से उनकी झूमाझटकी भी हुई।

मंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने जवाब में कहा कि भाजपा के विधानसभा घेराव को लेकर स्थिति ये है कि पुलिस-प्रशासन ने बैरिकेड लगाकर भाजपा नेताओं को रोकने का प्रयास किया. प्रदर्शनकारियों ने 5 में से 4 बैरिकेड तोड़ दिए.व्यवस्था बनाने के लिए 3 नंबर बैरिकेड पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया।

त्याग और समर्पण की देवी है संत माता कर्मा : सुशील

भाटापारा/नवप्रदेश। मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ग्राम बूचिपार,दौरेंगा में आयोजित नवधा रामायण कार्यक्रम में शामिल होकर ग्रामीण ज़नो के साथ भगवान श्री राम की पूजा अर्चना कर उपस्तिथ जन मानस को सम्बोधित कर धार्मिक विषय पर विस्तार से चर्चा कर की ।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा बनाये गये श्री राम वन गमन पथ,माता कोशलिया मंदिर सहित प्रदेश इस्तरिय रामायण ज्ञान प्रतियोगिता की जानकारी दी,किसानो की माँग पर ग्राम बूचिपार में किसान कुटीर निर्माण कराने का आस्वशन दिया,आदिवासी भवन में आहता निर्माण,महामाया प्रांगण का आहतानिर्माण,रामायण भवन का जीर्णोद्धार कार्यों को तथा ग्राम दौरेंगा में समशान घाट से नदी जाने के मार्ग में रंग मंच,शासकीय उचित मूल्य की दुकान हेतु भवन निर्माण कराने,नदी में पचरी निर्माण,नया आंगन बाड़ी केंद्र खोलने की माँग पर जल्द ही शासन से कार्यवाही करने बात कही।

रात्रि में सिमगा नगर साहू समाज द्वारा आयोजित भक्त संतमाता कर्मा की जयंती कार्यक्रम में शामिल होकर कर्मामाता मंदिर जाकर पूजा कर क्षेत्र विकाश और जनता की खुशहाली की कामना की,कमलेश साहू,चंद्रशेखर साहू सहित सामाजिक बंधुओ के द्वारा ज़ोरदार स्वागत करने पर अभिभूत होकर मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा भाव विभोर हो गये,इस मंचीय कार्यक्रम में ब्लॉक महामंत्रीहीरेंद्र कोशले,इंटक अध्यक्ष पप्पू अली,वरिष्ट कांग्रेसी दीनबंधु शर्मा ज़िला महामंत्री अरुण यादव विशेष रूप से उपस्तिथ थे।

सामाजिक परिचर्चा में उपस्थित हज़ारों की संख्या में जन मानस को सम्बोधित कर माता संत शिरोमणी भक्त माता कर्मा को त्याग और समर्पण की देवी बताते हुये सेवा की प्रतिमूर्ति माता कर्मा के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी,नगर साहू समाज के अध्यक्ष कमलेश साहू की माँग पर शीघ्र ही खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवाँगन से चर्चा कर एक बोर खनन करने का आस्वशन दिया,इस अवसर पर मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के साथ ज़िला महामंत्री अरुण यादव,ज़िला सचिव सचिन शर्मा रोहरा से रामनाथ साहू,बलदाऊ वेसनव,बुचीपार में सुशील साहू,देवचरन साहू,सरपंच सदानंद ध्रुव,मुरारी साहू,होरी साहू,सुशील ध्रुव,मेघनाथ ध्रुव,गोकुल ध्रुव,दौरेंगा में सरपंच गोविंद निषाद,गणेश निषाद,नूर साहू,नरेश साहू,टीकाराम साहू,सेनराम निषाद,राकसाल निषाद,विकल साहू,मंनु साहू,धंनु यादव,भगत निषाद सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

180 बल्क लीटर शराब, 3 सौ क्विंटल लाहन जब्त

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार गश्त एवं कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग की टीम द्वारा आज गस्त के दौरान सर्कल कसडोल क्षेत्र अवैध मदिरा के बड़ी मात्रा में निर्माण एवम आस पास के गावों में विक्रय की सूचना पर लाभोराम साहू पिता शंकरलाल साहू उम्र 40 वर्ष ग्राम चांदन के मकान की विधिवत् तलाशी लेने पर महुआ निर्माण हेतु चढ़ी भट्टी के साथ 34 बड़ी जरिकेनो में भरा कुल 3400 किलोग्राम महुआ लाहन एवं कुल 150 ली अवैध कच्ची महुआ शराब को बरामद किया गया। महुआ लाहन को सैम्पल लेकर मौके पर नष्ट किया गया तथा बरामद महुआ शराब को ज़ब्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क,च), 34(2), 59(क) का प्रकरण कायम कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है। इसी तरह 17 मार्च को गृस्त के दौरान सर्कल पलारी क्षेत्र में सूचना मिलने पर रवि डहरिया पिता बृजदास द्वारा छेरकापुर से अमेरा की तरफ़ अपने वाहन से भारी मात्रा में अवैध मदिरा का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए बीच रास्ते पर ग्राम अमेरा में रवि डहरिया को रोक कर तलाशी ली गयी। जिसमें 6 पालीथीन पाउचों में प्रत्येक में भरी 5 ली महुआ शराब कुल 30 ली महुआ शराब बरामद की गयी आरोपी के वाहन अपाचे सीजी 22 एस 3338 एवं मदिरा को ज़ब्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) ,34(2),59(क) का प्रकरण कायम कर विवेचना मे लिया गया। उपरोक्त कार्यवाई मे सहायक ज़िला आबकारी अधिकारी डॉ समीर मिश्रा आबकारी उपनिरीक्षक डॉ सुकांत पांडेय, विपिन पाठक आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, नगर सैनिक विश्वनाथ जयसवाल,निकेश्वर वर्मा तथा अनुराधा कश्यप तथा ड्राइवर अन्नू धीवर,रामखिलवान पटेल ओमकार धीवर का विशेष योगदान रहा।

ग्रामीण साहू समाज ने मनाई कर्मा जयंती

खरोरा/नवप्रदेश। पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम ओड़ान में संत शिरोमणि माता कर्मा की जयंती ग्रामीण साहू समाज ओड़ान के तत्वाधान में श्रद्धाभक्ति के साथ धुमधाम से मनाई गई। इस अवसर संत माता कर्मा की शोभा यात्रा कलश यात्रा के साथ पूरे गाँव का भ्रमण कर शिरोमणी संत माता कर्मा जी की महाआरती की गई। मंच संचालन करते हुए दिलीप कुमार साहू जी ने कहा कि संत शिरोमणी मां कर्मादेवी हमारे सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी है,उनके जीवन चरित्र से पूरे समाज को प्रेरणा मिलती हैं। हम सभी समाज के अंग हैं और हम समाज से ही अपना अस्तित्व बनाये रख सकते हैं,समाज की आदर्श जीवन स्थापित करने में मुख्य भूमिका रहती है, समाज हमेशा ही साहस और विश्वास देता हैं। हमारा साहू समाज हमेशा ही अनुकरणीय रहा हैं। आप सभी सामाजिक समरसता बनाए रखें और आने वाली पीढ़ियो को समाज में अच्छा वातावरण मिले इसका ध्यान रखें।समाज के हर व्यक्ति को सहज और सरल हो कर कार्य करने,समाज के हर व्यक्ति की मदद करने, बच्चों को अच्छे संस्कार देने की बात कही।उन्होंने युवा वर्ग को अपनी महान हस्तियों के व्यक्तित्व को न भूलने, उनके बताए रास्तों का अनुसरण और सामाजिक समरसता को बरकरार रखने निवेदन किया। इस अवसर पर दतान परिक्षेत्र के प्रथम अध्यक्ष सम्मानीय श्री केजु राम साहू जी,पूर्व सरंक्षक श्री ईश्वरी साहू जी,रामजी साहू,ग्रामीण साहू समाज ओड़ान के अध्यक्ष श्री डोमार साहू जी,कार्तिक साहू जी,असवन्त साहू,जगत राम साहू,सुनहर साहू,भीख राम साहू,दुजेन्द्र साहू,मुकेश साहू,जितेंद्र साहू,दूज राम,रोमनाथ,हेमंत साहू, सुकलाल, बेनुराम, संतोष, झालूराम, गनपत, सुखदेव, लिलेश कुमार, अजय कुमार, सागर, भूमिका, अंजू ,तृप्ति साहू एवं सैकड़ों स्वजातीय बंधु,माताएं और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

महिलाओं ने अपने देश के खातिर प्राणों की आहूति दी : श्वेता

दुर्ग/नवप्रदेश। आदिवासी समाज गोंडवाना मातृ शक्ति संगठन दुर्ग के द्वारा कचना देवालय सिविल लाइन दुर्ग में अन्तर राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह मनाया गया। इस कार्य क्रम के मुख्य अतिथि समाज सेविका मंजू वोरा थे, अध्यक्षता समाज सेविका स्वेता बाकलीवाल ने किया, विशेष अतिथि सेवा निवृत शिक्षिका एवम् लोक गायिका पुष्पलता नेताम, गोंडवाना मातृ शक्ति संगठन अध्यक्ष ममता अरमो, पार्षद माहेश्वरी ठाकुर, समाज सेविका भीषम नागेश, समाज सेवक अवध राम धुव्र, सर्व आदिवासी समाज जिला महासचिव थानसिंह मंडावी, समाज सेवक राकेश ठाकुर थे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में बुड़ादेव की पूजा अर्चना कर दीप जलाकर एवम् छ ग की राज्य गीत ,, अरपा पैरी के धार, महा नदी हे अपार,, के साथ लोक

गायिका पुष्पलता नेताम ने गीत ,, प्रस्तुत की ,, तत्पश्चात अतिथियों की पुष्पमाला, गुलदस्ता भेंट कर तिलक लगाकर स्वागत किया गया मुख्य अतिथि वोरा जी ने कहा कि अब महिलाएं केवल गृहनी नहीं, राष्ट्र निर्माण भी है, बधाओ के सामने डटकर खड़ा होना ही तो नारीत्व है। अध्यक्षता कर रही बाकलीवाल जी ने कहा कि इतिहास गवाह है महिलाओं ने अपने देश के खातिर प्राणों की आहुति दे दी जैसे रानी दुर्गावती मंडावी, झासी की रानी लक्ष्मीबाई आदि, अधिकार के साथ बढ़ती नारी शक्ति की भागीदारी है होली पर्व पर बिखरता है संस्कृति का रंग, वर्षो पुरानी परंपराए सौहार्द बढ़ाती है , स्वागत भाषण गोंडवाना मातृ शक्ति संगठन के अध्यक्ष ममता आरमो ने दी, समाज के महिलाओं ने खेली फूलों की होली एक दूसरे पर फूलों की गुलाल लगाकर होली गीत एवम् आदिवासी कर्मा गीत गाकर खूब थिरके,छ.ग. की लोक गायिका पुष्पलता नेताम की मधुर गीतो की प्रस्तुति से लोगो का दिल जीत लिया। आदिवासी समाज के गौरव तकाइंडो में छ ग से प्रतिनिधित्व करने वाले सेलुद निवासी भुनेश्वरी ठाकुर, दुर्ग से वाली बाल में छ ग से प्रतिनिधित्व करने वाले मिताली ठाकुर एवम् छ ग की स्वर कोकिला पुष्पलता नेताम जी को प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों के द्वारा सम्मान किया गय व युवा गोंडवाना रक्त दान समूह में रक्त दान करने वाले संगीता ठाकुर, लखन नेताम, मनोज ठाकुर, रित्रिकेश ठाकुर, नम्रता धुव्र का भी सम्मान किया गया कार्य क्रम की संचालन थानसिंह मंडावी ने किया एवम् आभार व्यक्त पार्षद महेश्वरी ठाकुर ने किया। कार्य क्रम में विशेष रूप से संगीता शोरी, पायल नेताम, पूर्णिमा कुंजाम, नैना नेताम, सावित्री ठाकुर, राजेश्वरी ठाकुर, शैल ठाकुर, लक्ष्मी ठाकुर, लता ठाकुर, नोमिन पड़ोती, गनेश्वरी ठाकुर, नम्रता धुव्र, फगेश्वरी ठाकुर, खोमिन ठाकुर, मीना ठाकुर, योगेश्वरी ठाकुर,प्रतिभा ठाकुर, ममता ठाकुर, खोमिन ठाकुर, सुनील ठाकुर,प्रकाश , लखन ठाकुर, राम जोशी, घनशयाम साहू सहित आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

व्यक्तिगत सूचना

(रा.प्र.क्र./20221010100159/37/ अ-6/2022-23)

प्रति,
रजत कुमार पुत्र सुरेश पोद्दार
निवासी प्रगति नगर केम्प 01 भिलाई तह व जिला दुर्ग (छ.ग.)
पक्षकार श्रीमती कविता पोद्दार पति सुकेश पोद्दार निवासी प्रगति नगर केम्प 01 भिलाई तह व जिला दुर्ग (छ.ग.)

विरूद्ध

छ.ग. शासन

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कविता पोददार पिता/पति/विभाग-सुकेश पोद्दार पता कैम्प 71 भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद पहन 19, रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला- दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1023/9 रखबा 0.010 है/1160 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर बैनामा दिनांक 05/12/2020 को विक्रेता रजत कुमार पिता सुरेश पोददार निवासी कैम्प 01 भिलाई से क्रय किया है कि नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में आपको किसी प्रकार के दावा करना हो तो स्वयं या आपके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेशी दिनांक 28/03/2022 को दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/03/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील
अति. तहसीलदार
भिलाई नगर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

क्र. 2869 / लो.क.वि./न.पा.नि./2023 रायगढ़, दिनांक 17/03/2023

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत राशि रु. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	128097	CONSTRUCTION OF SAMUDAYIK BHAWAN FIRST FLOOR & KITCHEN SHED WORK AT W.N. 14	24.94	11.04.2023
2	128104	CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM MAIN ROAD TO GOLU JAISWAL HOME SARAIBHADDAR AT W.N. 34	24.98	11.04.2023
3	128112	CONSTRUCTION OF CC ROAD & RCC DRAIN AT ITWARI BAZAR, W.N. 19	29.91	11.04.2023
4	128130	CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM GURUJI HOME TO NALA PURANA SARANGARH BUS STAND AT WARD NO. 31	29.96	11.04.2023
5	128131	CONSTRUCTION OF COVERED CHABUTRA AND BOUNDRYWALL AT WARD NO. 38, CONSTRUCTION OF RCC PACHADI AT FHUTHI TALAB AT WARD NO. 41 CHHATAMURA, CONSTRUCTION OF RCC SHED AT WARD NO. 41(CHHATAMURA FHUTHI TALAB), CONSTRUCTION OF MUKTIDHAM SHED AT TURKUMUDA NEAR KRISHNA SALVENT AT WARD NO. 41, CONSTRUCTION OF MUKTIDHAM SHED AT SAHDEVPALI NEAR CHOTE ATARMUDA AT WARD NO. 41	31.12	11.04.2023
6	128133	CONSTRUCTION OF SAMUDAYIK BHAWAN NEAR GHANSHYAM HOME AT WARD NO. 06 DINDAYAL COLONY	46.45	11.04.2023
7	128137	CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM TRANSPORTNAGAR TO SLRM CENTER AT WARD NO. 42	49.00	11.04.2023

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है ।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रायगढ़

न्यूज गैलरी

जिले में खुलेगा फुटबाल खेल सेंटर

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलो इंडिया स्कीम के तहत छत्तीसगढ़ में दस नए खेलो इंडिया लघु केंद्रों की स्थापना की अनुमति दी गई है। जिसके तहत जिले में भी फुटबाल खेल सेंटर खुलेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा फुटबाल खेल सेंटर खोलने की अनुमति मिलने पर कलेक्टर राहुल देव ने जिलेवासियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिले में खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से जिले के फुटबाल खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने तथा उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से यह प्रस्ताव भेजा गया था। जिसे भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा अनुमति दे दी गई है। अब फुटबाल खेल सेंटर खुलने से जिले के फुटबाल खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त होगा। खेलो इंडिया फुटबाल ट्रेनिंग सेंटर के माध्यम से खिलाड़ी को राष्ट्रीय टीम में चयन होने के लिए बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा। वहीं बेहतर खेल प्रदर्शन कर खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण ने दिशा निर्देशों का पालन करते हुए शीघ्र ही फुटबाल खेल सेंटर खोलने की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पाल ने बताया कि इस सेंटर को संचालित करने हेतु भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा बजट आवंटन प्रदाय किया जायेगा एवं एक नवीन प्रशिक्षक की भी नियुक्ति की जाएगी।

हल्की बारिश से 4 डिग्री गिरा पारा

कोरबा/नवप्रदेश। पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका के असर से मार्च माह के दूसरे सप्ताह तीसरे दिन भी सावन जैसी झड़ी लगी रही। शुक्रवार की सुबह से आसमान में बादल छाए रहे, जबकि देर शाम के बाद जांजगीर सहित कुछ जगहों पर हल्की बारिश भी हुई। लेकिन शनिवार को दिन भर धूप नहीं निकली और तेज हवाएं चलती रही। बारिश और ठंडी हवा के कारण दिन का तापमान 31 डिग्री से ऊपर नहीं जा सका। न्यूनतम तापमान 21 तक रहा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बदलाव होने के कारण लोगों ने फिर एक बार ठंड महसूस किया। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका के असर से अधिकांश इलाकों में बूंदाबांदी व हल्की बारिश हुई। नतीजा यह रहा कि मार्च माह में अधिकतम तापमान 31 डिग्री पर पहुंच गया था। महज 72 घंटे में करीब 5 डिग्री की गिरावट आई है। हालांकि न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से ज्यादा ही रहा। शाम सात बजे के बाद द्रोणिका के असर के कारण गरज-चमक के साथ बारिश भी हुई। इसके साथ ही तेज हवा भी चलती रही।

मौसम विभाग के मुताबिक एक चक्रीय चक्रवात दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और एक अन्य पूर्वोत्तर राजस्थान में निचले क्षोभ मंडलीय स्तरों में स्थित है। क्षोभ मंडल के निचले स्तर में तमिलनाडु से उत्तर कोंकण तक एक ट्रफ मौजूद है। 22 मार्च तक मौसम विभाग ने इसी तरह मौसम रहने की संभावनाएं जताई है। कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

चैतमा महामाया मंदिर में जलेंगे मनोकामना ज्योत

कोरबा/नवप्रदेश। गांव में स्थित मां महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्र आस्था व उल्लास के साथ मनाई जाएगी। मंदिर को सजाने और संवारने का काम तेजी से चल रहा है। महामाया के दरबार में भक्तों के मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित होंगे। साथ ही विशेष पूजा नवरात्रि के दिनों में होगी। पंडित श्याम कुमार दुबे ने बताया कि पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को नवरात्रि शुरू होती है। पहले दिन सबसे कलश स्थापना के साथ ही मां दुर्गा शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की जाएगी। इस साल 22 मार्च को रात 8 बजकर 20 मिनट तक प्रतिपदा तिथि है। इस वजह से कलश स्थापना 22 मार्च को होगा। दूसरे दिन 23 मार्च को मां ब्रह्मचारिणी, 24 को मां चंद्रघंटा, 25 को मां कुष्मांडा, 26 को मां स्कंदमाता, 27 को मां कात्यायनी, 28 को मां कालरात्रि, 29 मार्च को मां महागौरी और 30 मार्च को मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिर को श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुसार संवारा जा रहा है। 9 दिन तक जसगीत और अन्य भक्ति के आयोजन होंगे। समिति ने ज्योति कलश के लिए 751 रुपए और जवारा के लिए 211 रुपए की राशि निर्धारित की है।

कटघोरा हनुमान सेवा समिति निकालेगी शोभायात्रा

कोरबा/नवप्रदेश। नव संवत्सर हिंदू नव वर्ष पर 21 मार्च को को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। नगर का प्राचीन व विशाल तालाब राधासागर सरोवर को इस दिन 11 हजार दीपों से सजाया जाएगा। इसकी तैयारी हनुमान सेवा समिति व दीप यज्ञ समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि नव संवत्सर के स्वागत के लिए कटघोरा नगर में 21 मार्च को दोपहर 2 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो अग्रसेन भवन कटघोरा से होते हुए नगर भ्रमण कर राधासागर सरोवर तक पहुंचेगी, जहां 51 जोड़ों द्वारा 11 हजार दीपों से यज्ञ किया जाएगा। इसके लिए सभी हिंदूवादी संगठनों को जोड़ा जा रहा है। पूरे नगर को केसरिया पताकाओं और तोरण से सजाया गया है। शोभा यात्रा के स्वागत के लिए शहर के विभिन्न चौराहों पर पुष्प वर्षा की जाएगी। इसके साथ ही कटघोरा सहित समीप के ग्रामीण इलाकों में भी लोगों को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। आयोजन समिति के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को भगवा ध्वज लहराने और घर के बाहर रंगोली बनाकर दीप जलाने का आह्वान कर रहे हैं। शोभायात्रा में ढोल-ताशों का आकर्षण व अनेक प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

दीपका कॉलेज में एलुमनी एसोसिएशन गठित

कोरबा/नवप्रदेश। गवर्नमेंट कॉलेज दीपका में शनिवार को एलुमनी एसोसिएशन का गठन किया गया। इस दौरान कॉलेज के पूर्व छात्र-छात्राओं के साथ पूरा स्टाफ उपस्थित रहा। इसमें सर्वसम्मति से संदीप राठिया को अध्यक्ष, मनोज कंवर को उपाध्यक्ष व स्मृति पाठक को सहसचिव व हेमन नेटी को सहसचिव मनोनीत किया गया। कॉलेज के एलुमनी नोडल अधिकारी संदीव राठौर ने कहा कि पूर्व छात्र-छात्राएं हमारे कॉलेज के विषय में अच्छे से जानते हैं। इसलिए कॉलेज के लिए एलुमनी एसोसिएशन का होना जरूरी है। कॉलेज के शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक हितों से जुड़े कार्यों में एलुमनी एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्यों की भूमिका अग्रणी रहती है। उम्मीद है एलुमनी के पदाधिकारी व सदस्यों का सहयोग कॉलेज को मिलेगा। इस बैठक में ममता ठाकुर, जेसी देवांगन और कॉलेज स्टाफ भूतपूर्व छात्र-छात्राएं प्रशांत शर्मा, निखिल खूंटे, भुनेश्वर कंवर, भुनेश्वर महंत, स्मृति पाठक, गुलाब महंत, हेमन नेटी, संदीप राठिया, रजनीश मरावी, सागर, अचला कंवर, पूनम राज, किरण कंवर, निशा, प्रमोद यादव, चंद्रदेव प्रकाश, अंजू लता, संजू चंद्रा वर्तमान छात्र-छात्राएं सिद्धि यादव, वेलिया चंद्रा, कृति पाठक, देवेंद्र यादव, अंकिता कश्यप, देवेश चौहान, रेखा मेहता आदि उपस्थित थे।

शहर के प्रमुख स्थलों पर मुफ्त मिलेगी हाई स्पीड फ्री वाई-फाई, ट्रायल शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। डिजिटल सेवा के क्षेत्र में बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर को एक बड़ी सुविधा देने की तैयारी की जा रही है। एक साथ शहर के प्रमुख स्थानों में फ्री वाई-फाई जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके लिए स्मार्ट सिटी द्वारा उन स्थानों पर ट्रायल किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी के एमडी कुणाल दुदावत के निर्देश में वाई-फाई के लिए स्थानों का चयन कर लिया गया है। भीड़-भाड़ वाले इन स्थानों पर नागरिक फ्री वाई-फाई सेवा का लाभ उठा सकेंगे। जिन स्थानों का चयन स्मार्ट सिटी द्वारा किया गया है वहां अक्सर लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसलिए इन स्थानों का चयन किया गया है। लोग फ्री इंटरनेट के जरिए अपना काम निपटा सकेंगे। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत लगे वाई-फाई से एक बार जुड़ने के बाद लोग अनलिमिटेड इंटरनेट का उपयोग कर सकेंगे।

जिले में लगातार गिरता जल-स्तर बचाव के नहीं किए जा रहे उपाय

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में जलस्तर का स्त्रोत लगातार गिरता जा रहा है, सामाजिक सरोकार के साथ-साथ प्रशासनिक पहल ना होने के कारण जिले में हो रहे जल संकट का सामना करने के लिए किसी प्रकार की पहल नजर नहीं आ रही है,आने वाले समय में जिले को जल संकट के दौर से गुजरना पड़ सकता है, जल स्त्रोतों के बचाव के लिए वाटर हार्वेस्टिंग लगाया जाना था, किन्तु दुर्भाग्यजनक बात यह है, कि शासकीय आदेशों का पालन शासकीय कार्यालयों के द्वारा भी नहीं किया गया है।

वर्षा के पानी को बचाने के लिए प्रशासन द्वारा योजना बनाई गई थी, जिसके तहत निजी एवं शासकीय सभी जगहों पर वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया जाना था, जिससे वाटर लेबल बना रहे, किन्तु शासकीय उदासीनता के चलते यह योजना भी केवल कागजों पर सिमट कर रह गयी, शासन की इस योजना का क्रियान्वयन शासकीय कार्यालयों में भी नहीं किया जा सका, जिसके चलते जिले में वाटर लेबल हर वर्ष नीचे होते जा रहा है।

वाटर हार्वेसिं्टग बना की नहीं करते जांच-अब वाटर लेवल गिरने से गर्मी में होगी परेशानी शहरी क्षेत्र में वाटर हार्वेसिं्टग बनाने की शर्त पर ही नगरपालिका के अधिकारी मकान बनाने एनओसी जारी करते हैं।शासन ने वाटर हार्वेसिं्टग सिस्टम को अनिवार्य कर दिया है, इसके लिए अमानत राशि तो जमा कराई जाती है,लेकिन कितने लोगों ने बनाया इसका परीक्षण करने के लिए पालिका के इंजीनियर्स के पास समय ही नहीं है,वे परीक्षण करने ही नहीं जाते जिसके कारण लोग घर तो बनवा लेते हैं, लेकिन हार्वेसिं्टग सिस्टम नहीं।पालिका के अधिकारी उन पर कार्रवाई भी नहीं कर सकते क्योंकि पालिका के पास तो वाटर हॉर्वेसिं्टग सिस्टम बनवाने का रिकॉर्ड ही नहीं है।

नगरीय क्षेत्र में बिना वाटर हार्वेसिं्टग के भवन बनाने की अनुमति भी नहीं दी जानी है। लोगों ने अनुमति ली है,और बाकायदा पालिका में पैसा भी जमा किया है, पर उनमें से कितने लोगों ने अपने घर में हार्वेसिं्टग सिस्टम बनाया है और कितने लोगों का पैसा अभी भी जमा है,यह तक रिकॉर्ड पालिका में नहीं है।पालिका के अधिकारियों के इस गंभीर लापरवाही के कारण ही शहर में बरसात का पानी घरों में रोकने की योजना फेल हो गई है।

जयराम रमेश से रत्नावली कौशल ने की मुलाकात

मुंगेली/नवप्रदेश। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छग शासन सदस्य एवं महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रत्नावली कौशल नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, प्रचार प्रसार प्रभारी, प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश से भेंट की। उनका तिरंगा गमछा पहनाकर स्वागत किया एवं उन्हें छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं तथा कांग्रेस की लगातार बढ़ रही लोकप्रियता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हिन्द सेना महिला ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष रत्नावली कौशल ने जयराम रमेश को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कांग्रेस नेत्री रत्नावली कौशल ने जयराम रमेश को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सुश्री कौशल ने जयराम रमेश को जानकारी दी कि मुख्यमंत्री श्री बघेल तेंदूपत्ता, महुआ, साल बीज समेत अन्य वनोपजों तथा आदिवासियों व वनवासियों द्वारा उपजाए जाने वाले कोदो, कुटकी, कुल्थी जैसे मोटे अनाजों की खरीदी को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। इसके चलते कांग्रेस और भूपेश बघेल के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है।

नववर्ष पर शोभायात्रा, 10 स्थानों पर होगी महाआरत

कोरबा/नवप्रदेश। हिंदू नव वर्ष पर 22 मार्च को दिव्य शोभायात्रा निकलेगी। हिंदू क्रांति सेना द्वारा श्रीराम जानकी मंदिर सीतामढ़ी से दोपहर 3 बजे शुरू होने वाली शोभायात्रा का नया बस स्टैंड परिसर पहुंचने तक 10 स्थानों पर हिंदू संगठनों द्वारा महाआरती की जाएगी। महाआरती की तैयारी व स्थान का निर्धारण संगठनों द्वारा कर किया गया है। शोभायात्रा में किसी तरह की असुविधा नगरवासियों को न हो, इसके लिए लोगों को समय का ध्यान रखते हुए मुख्य मार्ग में परिवार के साथ कार अथवा किसी अन्य साधन से प्रवेश करने को लेकर बचना होगा।

यह जानकारी तिलक भवन में हिंदू क्रांति सेना के अध्यक्ष राहुल चौधरी ने शनिवार को प्रेस से साझा की। उन्होंने कहा कि बीते साल की तुलना में इस बार अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसलिए शोभायात्रा के दौरान शहर में सामान्य आवागमन बाधित रहेगा। इसके लिए जरूरी होने पर लोगों से वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने कहा गया है।

चौधरी ने बताया कि शोभायात्रा का श्री रामजानकी मंदिर, श्री सत्तदेव मंदिर, पुराना बस स्टैंड, अग्रसेन चौक, पुराना पवन टाकीज रेलवे क्रासिंग, दीनदयाल मार्केट, एसएस प्लाजा, सुनालिया चौक शिव मंदिर, पावर हाउस रोड व नया बस स्टैंड में महाआरती समाज सेवी व हिंदू संगठनों द्वारा महाआरती की जाएगी। पत्रकार वार्ता के दौरान हिंदू क्रांति सेना के रोहित असरानी, भरत महराज, जितेन्द्र सारथी उपस्थित थे।

शोभायात्रा में शामिल होने वाले लोगों को वाहन के साथ मुख्य मार्ग में प्रवेश करने से रोका जाएगा। ऐसे लोगों को वाहन रखने के लिए सीएसईबी चौक, अग्रसेन तिराहा, सुनालिया मल्टीलेवल पार्किंग, घंटाघर में सुरक्षित पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

कब पटरी पर लौटेगी गरीबों की सुपरफास्ट अंत्योदय एक्सप्रेस

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोरोना की वजह से जिन- जिन ट्रेनों का परिचालन बंद था, वे पटरी पर दौड़ने लगी हैं। लेकिन, महत्वपूर्ण व सुविधाजनक ट्रेन अंत्योदय एक्सप्रेस का परिचालन अब तक शुरू नहीं हो पाया है। यात्री इस ट्रेन के चलने का इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2017 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन को दो अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिली थी। मार्च 2020 के बाद से यह ट्रेन बंद है। यह कब तक शुरू होगी, इसकी भी कोई जानकारी दी गई है। रेलवे में इसको लेकर चर्चा तक नहीं हो रही है। जबकि अंत्योदय एक्सप्रेस चलने से कमजोर आर्थिक वर्ग के लोगों को कम पैसों में अधिक सुविधा के साथ सुपर फास्ट ट्रेन में सफर का मौका मिल रहा था। कोरोना के नाम पर ट्रेनें तीन साल से बंद हैं। इन ट्रेनों के सभी कोच अनारक्षित होते थे। लेकिन, सुविधा स्लीपर की तरह होती थी। इसके कारण यह ट्रेन काफी लोकप्रिय होने लगी थी। 2017 से 22895 / 22896 दुर्ग-फिरोजपुर और 14719/14720 बिलासपुर-बीकानेर बिलासपुर अंत्योदय एक्सप्रेस दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को मिली थी। इसी के साथ 22885/22886 टाटानगर लोकमान्य तिलक टर्मिनस अंत्योदय एक्सप्रेस की सुविधा थी।

प्रगतिनगर दीपका में शिव महापुराण कथा अमृत महोत्सव शुरू

कोरबा/नवप्रदेश। प्रगतिनगर दीपका में भव्य कलश यात्रा के साथ के साथ शिव महापुराण कथा अमृत महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को हुआ। कलश यात्रा का नेतृत्व राष्ट्रीय भगवताचार्य रमाकांत महाराज कर रहे थे। 24 मार्च तक चलने वाले अमृत महोत्सव की शुरुआत घट स्थापना के साथ हुई। यहां बताना होगा कि भगवताचार्य रमाकांत महाराज द्वारा कथा के साथ ही सामूहिक विवाह भी कराएंगे। कथा में शामिल होने वाले भक्तों को 51000 रुद्राक्ष का वितरण भी किया जाएगा।

कथा प्रतिदिन शाम 4 से 7 बजे तक होगी और सुबह रुद्राभिषेक किया जाएगा। हिंदू जागरण भागवत मिशन व दुर्गा पूजा उत्सव समिति प्रगतिनगर दीपका द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा अमृत महोत्सव के पहले दिन कथा स्थल से शुरू हुई कलश यात्रा नगर का भ्रमण करते हुए बड़े तालाब पहुंची, जहां से जल लेकर वापस कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां सिर पर कलश धारण किए हुए चल रही थीं। शिव महापुराण ग्रंथ को यजमान सिर पर धारण किए हुए कलश यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे।

उल्लेखनीय है कि भगवताचार्य पं. रमाकांत महाराज द्वारा ऐसे आयोजनों के दौरान सामूहिक विवाह कराकर आयोजन से जुड़े लोगों को कन्यादान के पुण्य का अवसर दिलाते रहे हैं। यह सौभाग्य दीपका क्षेत्र के लोगों के इस आयोजन में मिलेगा। उन्होंने विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिजनों से पंजीयन कराने का आग्रह किया है।

डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में 95.75 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन

- **नगोई और गनियारी में दंतेवाड़ा की तर्ज पर खुलेगा गारमेंट फैक्ट्री, साढ़े 10 करोड़ मंजूर**

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के अंतर्गत जिले में वर्ष 2023 - 24 में 95. 75 करोड़ रुपए के विकास कार्य किए जायेंगे। कलेक्टर सौरभकुमार की अध्यक्षता में आयोजित डीएमएफके शासी निकाय की बैठक में आज उक्त राशि के 239 कार्य प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इनमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट मुलाकात सहित अन्य अवसरों पर जिले के विकास के लिए की गई घोषणाएं भी शामिल की गई हैं। मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह, विधायक धरमलाल कौशिक, डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, शैलेश पांडे, रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण चौहान, महापौर रामशरण यादव सहित सांसद प्रतिनिधि एवम् जिला स्तरीय अधिकारी शामिल थे।

शासी परिषद की आज की अहम बैठक में नगोई एवं गनियारी में गारमेंट्स सिलाई फैक्ट्री की स्थापना के लिए लगभग साढ़े 10 करोड़ राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री बघेल ने भेंट मुलाकात अभियान में महिलाओं की मांग पर इसकी घोषणा की थी। बिहान की महिला स्व सहायता समूह इसका संचालन करेंगी। दंतेवाड़ा की सफल डेनेक्स ब्रांड की तर्ज पर इनका कारोबार चलेगा। इसके अलावा बैठक में मुंगेली रोड पर कलेक्टोरेट और जिला न्यायालय के बीच फुट ओवर ब्रिज का भी निर्माण किया जायेगा। स्मार्ट सिटी लिमिटेड बिलासपुर को इस काम के लिए 78 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। इसके निर्माण से लोग सुरक्षित तरीके से कोर्ट और कलेक्टोरेट आ जा सकेंगे। दुर्घटना की आशंका नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप तोरवा छठघाट में टेलरिंग शेड निर्माण के लिए 3 करोड़ 32 लाख दिए गए हैं। बिलासपुर शहर में अंग्रेजी माध्यम की स्वामी आत्मानंद कॉलेज के लिए 5 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। शहर के मध्य पुराने हाईकोर्ट भवन में इसका निर्माण किया जायेगा। बैठक में जिले की सभी विकासखंडों व विधानसभा क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों की सुझाव व आम जनता की मांग के अनुरूप प्रस्तावों की स्वीकृति दी गई है। शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कामों को प्राथमिकता दी गई है। बैठक के पूर्व शासी परिषद के सचिव और जिला पंचायत सीईओ आर ए कुरुवंशी ने सदस्यों का स्वागत और डीएमएफप्रभारी संयुक्त कलेक्टर वैभव क्षेत्रज्ञ ने अंत में आभार व्यक्त किया।

उपाध्यक्ष की अनुशंसा पर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। आमजनों की समस्या को दूर करने के लिए प्रदेश सरकार जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में उपाध्यक्ष जिला पंचायत संजीत बनर्जी के अनुशंसा पर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन ग्राम भठलीकला में आयोजित किया गया। जिसमें समाज कल्याण विभाग 16 आवेदन, श्रम विभाग 32 आवेदन, स्वास्थ्य विभाग 60 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच, खाद्य विभाग 20 आवेदन, राजस्व विभाग 4 आवेदन, 15 आयुष्मान कार्ड कुल 147 आवेदनों का

निराकरण किया गया।

ग्रामीणों ने शिविर के लिए संजीत बनर्जी का आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि हमारे गांव तक आज अधिकारी समस्या को सुनने के लिए आए हैं जिससे हमारी समस्याएं दूर होगी। इस शिविर में आसपास के कुल 14 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजन शामिल हुए। श्री बनर्जी ने ग्राम के प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। शैक्षणिक गुणवत्ता के प्रति उन्होंने उपस्थित शिक्षकों के समक्ष नाराजगी व्यक्त की एवं आवश्यक निर्देश भी दिए। उपाध्यक्ष जिला पंचायत संजीत बनर्जी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा है कि हमारी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से एक भी व्यक्ति ना छूटे। हम सभी का प्रयास है कि शासन की योजनाओं को हम गांव-गांव तक पहुंचा सके। अधिकांश ग्रामीण जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। इसलिए शिविर लगने से उनकी समस्याओं का उनके गांव में ही समाधान हो जा रहा है। सरकार द्वारा इस बजट में युवा बेरोजगारों के लिए 2500 की घोषणा की गई है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में कदम उठाते हुए मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका के मानदेय में वृद्धि किया गया।

जिला स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

कोरबा/नवप्रदेश। गवर्नमेंट मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में नेहरु युवा केन्द्र द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई थी। इसमें जिले के विभिन्न स्कूल, कॉलेजों के साथ अशैक्षणिक संस्थाओं के 15 से 29 वर्ष के युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने भी भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। युवा उत्सव में मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज रोशनी गेंदले ने एंड्रायल मोबाइल फोटोग्राफी में प्रथम स्थान हासिल किया है, जबकि स्व रचित कविता लेखन में अमरावती द्वितीय, श्वेता पाटनवार तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह पेंटिंग प्रतियोगिता में शबाना द्वितीय व भाषण प्रतियोगिता में देवंतिका साहू द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम बढ़ाया गया है।

राज्य पॉवर कंपनी कम दर पर दे रही बिजली : एमडी

कोरबा/नवप्रदेश। राज्य बिजली उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक संजीव कटियार ने कहा कि देश के श्रेष्ठतम कंपनियों में शुमार राज्य पॉवर कंपनी कम दर पर अपने उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध करा रही है। कंपनी के एचटीपीपी संयंत्र के प्रेक्षागृह में सीएसईबी अभियंता संघ की ओर से आयोजित विचार मंथन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे अभियंताओं को प्रबंध निदेशक कटियार संबोधित कर रहे थे। इस दौरान वर्तमान परिदृश्य में संभावनाएं व चुनौतियां पर भी अपनी बात रखे।

प्रबंध निदेशक कटियार ने राज्य पॉवर कंपनी की हासिल की हुई उपलब्धियों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संस्थापक सदस्य रिटायर्ड कार्यपालक निदेशक इंजीनियर शरद श्रीवास्तव ने की। प्रभा कटियार के नेतृत्व में मड़वा प्रोजेक्ट के महिला मंडलों की अध्यक्ष समेत पदाधिकारी शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने ऑफिसर्स क्लब में स्थापित अभियंता शिरोमणि इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैय्या की प्रतिमा का अनावरण किया।

बिजली कंपनी के आगामी कार्ययोजना को भी सामने रखा। इसे पूरा करने तीन महीने का समय तय किया गया है। इस पर कंपनी के डीएसपीएम, एचटीपीपी व मड़वा पॉवर प्लांट के अभियंताओं ने एक राय होकर अपनी सहमति दी। युवा अभियंताओं ने चुनौतियों को अवसर में कैसे बदला जाए, इस पर उपयोगी प्रेजेंटेशन दिया। रायगढ़ के डीबी पॉवर प्लांट से आए वरिष्ठ अभियंता दीपक शर्मा, राजेश सिंह, जीएस सांत्रा ने अपने अनुभवों को साझा किया।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर की 59वीं सेंदरी शाखा हुआ शुभारंभ

- **महिला ससक्तिकरण को ध्यान मे रख शाखा प्रबंधक से चपरासी तक सभी पदो मे महिलाए करेगी काम**

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के नवीन शाखा सेंदरी का आज दिनाँक 17.03.2023 को अपेक्स बैंक के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री दर्जा, छत्तीसगढ़ शासन बैजनाथ चन्द्राकर के मुख्य आतिथ्य तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष प्रमोद नायक की अध्यक्षता में शुभारंभ किया गया। इस उद्घाटन समारोह के अति विशिष्ट अतिथि पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव जी, महापौर बिलासपुर रामशरण यादव जी, उपाध्यक्ष अरपा विकास प्राधिकरण अभयनारायन राय जी, मंडी बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला जी, छाया विधायक बेलतरा

राजेन्द्र साहू (डब्बू), सरपंच सेंदरी अक्तिराम भारद्वाज जी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। नवीन शाखा सेंदरी में सेमरताल, पौसरा एवं सेंदरी समिति के किसान शामिल है। इस नवीन शाखा सेदरी मे ग्राम सेदरी, रमतला, गतौरी, नवगवा, कछार, अमतरा, पौसरा, बनियाडीह, धुरीपारा, सेमरताल, जलसो, भदौरियाखार के 2700 किसान लाभान्वित होंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की मंशा अनुरूप किसानों व महिलाओं को त्वरित बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा महिला ससक्तिकरण को बढावा देने के लिए नवीन बैंक खोली जा रही है। इस शाखा की विशेषता यह है कि यहा शाखा प्रबंधक से चपरासी तक सभी कर्मचारी महिला होंगी। जिससे महिला ससक्तिकरण को बल मिलेगा, जिससे क्षेत्र की महिलाए बैंक से जुड कर अपना लेन-देन सिधे कर अपना आर्थिक विकास कर सकेगी, इस अवसर पर किसानो का संम्मान, ए.टी.एम. वितरण, दिव्यांग ट्राईसाईकल वितरण किया गया, साथ ही मंच मे उपस्थित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेट कर संम्मान किया गया। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक ने अपने उदबोधन मे बताया कि बैंक के कार्यक्षेत्र अंतर्गत बैंक द्वारा कुल 470000 किसानों को रु. 4165 करोड का सीधे भुगतान किया गया, 192204 किसानों का रु. 683 करोड का ऋण माफी किया गया, बैंक एवं समिति द्वारा कुल 727 करोड का ऋण वितरण किया गया, बैंक मे 20 ए.टी.एम. की स्थापना प्रस्तावित है जिसमे अभी तक 05 ए.टी.एम. का सुभारंभ किया गया है, किसानो की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए 146 नवीन समितियों का गठन किया गया, धान खरीदी मे किसानों की सुविधा हेतु इस वर्ष 101 उपार्जन केन्द्र खोले गए, समितियों मे खाद बीज की उपलब्धता हेतु 146 समितियों मे 200 मे.टन. का नवीन गोदाम का निर्माण किया जा रहा है। राजीव गांधी किसान न्या योजना अंतर्गत लाभान्वित किसानों की अभी तक संख्या लगभग 20 लाख है।

यहा शाखा प्रबंधक श्रीमती अनामिका साव अन्य सहयोगी कर्मचारियों मे रुची पांन्डे, विभा शुक्ला, निलम सोनी, नेहा शुक्ला, लक्ष्मी यादव एवं भगवती महंत के साथ सेदरी शाखा का सुभारंभ किया गया है, इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीकांत चन्द्राकर, नोडल अधिकारी आशीष दुबे, बैंक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सूर्यकांत जायसवाल, सरकंडा शाखा के शाखा प्रबंधक शशांक शेखर दुबे जी एवं शेख नजीरुददीन, अंकित गौरहा बड़ी संख्या बैंक के अधिकारीगण व सहकारी प्रतिनिधि व किसानों की उपस्थिति रही।

न्यूज गैलरी

एक सटोरिया पकड़ाया, 15 सौ रुपए जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना खम्हरिया में 17 मार्च को सट्टा का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जिसमें आरोपी राजकुमार पाटिल पिता रामावतार पाटिल उम्र 22 साल साकिनवार्ड नं. 14 खम्हरिया से सट्टा पट्टी, पेन सहित नगदी रकम 15 सौ रूपये जप्त किया गया हैं।

7 लोगों से 124 पौवा शराब जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना बेमेतरा, नवागढ़, चंदनू, साजा एवं चौकी मारो में 16 व 17 मार्च को अवैध शराब बिक्री का 7 प्रकरण दर्ज कर 7 आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जिसमें आरोपीयों कार्तिक ध्रुव पिता तखतराम ध्रुव उम्र 51 साल साकिन करंजिया थाना चंदनू, चुरामणी धुर्वे पिता महेत्तर धुर्वे उम्र 23 साल साकिन बहरबोड, अजय गोयल पिता जगदीश गोयल उम्र 29 साल साकिन मुरकुटा थाना नवागढ़, रमेश जांगडे पिता रामशरण जांगडे उम्र 40 साल साकिन भैसामुडा थाना नवागढ़, सुनील यादव पिता शिवकुमार यादव उम्र 33 साल साकिन जुनवानी पुलिस चौकी मारो, चौवन निषाद पिता दुकाली निषाद उम्र 51 साल साकिन कटई थाना चंदनू, बसंत पटेल पिता गोकुल पटेल उम्र 28 साल साकिन सेमरिया चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा जिला बेमेतरा से कुल जप्त शराब 124 पौवा देशी प्लेन/मसाला/अंग्रेजी शराब कीमती 11440 रूपये, बिक्री रकम 1850 रूपये, कुल जुमला 13290 रूपये जप्त किया गया।

देवकर पुलिस ने की 12 जुआरियों पर कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस चौकी देवकर थाना साजा में 16 मार्च को जुआ का 1 प्रकरण दर्ज कर 6 जुआडियों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों विजय कुमार पिता जनक राम उम्र 44 साल साकिन अकलवारा चौकी देवकर, अजय साहू पिता बालाराम साहू उम्र 22 साल साकिन अकलवारा चौकी देवकर, कीर्तन साहू पिता भूवन साहू उम्र 34 साल साकिन अकलवारा चौकी देवकर, रविलाल पिता पर्यटन उम्र 36 साल साकिन अकलवारा चौकी देवकर, तुकाराम साहू पिता माकेलाल उम्र 38 साल साकिन अकलवारा चौकी देवकर, रोशन साहू पिता सुरेश साहू उम्र 25 साल साकिन अकलवारा चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा के पास एवं फड़ से कुल जुमला नगदी रकम 630 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त किया गया हैं। वहीं 17 मार्च को 6 जुआडियों शत्रुहन निषाद पिता फुलसिंह उम्र 40 साल साकिन देवकर चौकी देवकर, गणेश पटेल पिता फेरहाराम उम्र 45 साल साकिन देवकर, श्रवण साहू पिता दशरूराम उम्र 45 साल साकिन देवकर, संतोष साहू पिता बिसाहू राम साहू उम्र 44 साल साकिन देवकर, सुनील देवांगन पिता कुंजाम देवांगन उम्र 38 साल साकिन देवकर, नेतराम साहू पिता उत्तम साहू उम्र 35 साल साकिन देवकर चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा के पास एवं फड़ से कुल जुमला नगदी रकम 3520 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त किया गया हैं।

मोदी सरकार की हर योजना घर-घर तक पहुंचें : चंदेल

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा बेमेतरा के अंतर्गत बेरला मंडल के बूथ सशक्तिकरण के अंतर्गत शक्तिकेन्द्र रांका, कठिया, परपोड़ा, मोहभट्ठा, देवरबीजा, सल्धा में बैठक आयोजित हुए। जिसमें भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल, कैलाश शर्मा, गौकरण साहू रांका व कठिया परपोड़ा में नीरज राजपूत, मोहभट्ठा में सुनील राजपूत व सतीश यादव, सल्धा संजीव तिवारी व देवरबीजा में मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, विनोद दुबे के द्वारा राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू का अभिभाषण का वाचन किया। साथ ही बूथ सशक्तिकरण के अंतर्गत कार्यो को पूरा करने के लिए बूथ सशक्तिकरण के प्रभारी द्वारा 10 दिन कौन-कौन से बूथ में प्रवास होगा सारा एक प्रारूप बनाया गया। अवधेश सिंह चन्देल ने कहा कि पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति का अभिभाषण जिसमें हर एक बातों का उल्लेख हैं उसे शक्तिकेन्द्र के बैठक में कार्यकर्ताओ के सामने वाचन करने को कहा, जिसे हर एक जगह किया जा रहा हैं। साथ ही बूथ सशक्तिकरण जिसमें 31 की टीम बनाने को कहा हैं, जिसमें हर एक कार्यकर्ता का डिटेल हो। पहले 25 की टीम था अब 31 किया गया, जिसमें मन की बात प्रमुख, व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख, सामाजिक श्रेणी प्रमुख, प्रभावी मददाता प्रमुख, पार्टी के 6 कार्यक्रम के प्रमुख बनाने के लिए जोड़ा गया है। पार्टी का कहना हैं अंतिम इकाई मंडल नहीं बूथ होना चाहिए और बूथ के कार्यकर्ता को केवल चुनावी समय याद नहीं करके हर एक गतिविधि में शामिल करें। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ कार्यकर्ताओं को दिलाये, केंद्र की मोदी सरकार की हर एक बात अंतिम इकाई में पहुँचें, जिससे बूथ अधिक मजबूत हो और बूथ मजबूत तो पार्टी मजबूत होता हैं। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक व सहसंयोजक सहित पंच परमेश्वर व बूथ के सम्माननीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रेलवे पार्सल ऑफिस को मरोदा शिफ्ट करने पर रोक लगाने की मांग

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 26 की पार्षद टी ज्योति ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक रायपुर द्वारा दल्लीराजहरा नगर से कैरेज एंड वैगन यांत्रिक विभाग को मरोदा शिफ्ट करने के कारण दल्लीराजहरा के विकास में विराम लग रहा है । वहीं रेल को भी करोड़ों रूपये नए स्थापना पर खर्च करने पड़ रहे हैं। जबकि यह जानते हुए भी कि रेल लाईन और लौह अयस्क ढुलाई का कार्य रावघाट तक बढ़ने वाला है।

दल्लीराजहरा का कैरेज एंड वैगन यांत्रिक विभाग, मरोदा से रावघाट (170 किलोमीटर) के मध्य स्थित होने के कारण मालगाडी एवं सवारी गाड़ी डिब्बों में आने वाली तकनीकी खराबी दूर करने मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। यदि इस विभाग को अन्यत्र शिफ्ट किया गया तो वर्षो से दल्लीराजहरा में स्थापित परिवारों को मरोदा स्थानांतरण होने पर अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ेगी। इसलिए कैरेज एंड वैगन यांत्रिकी विभाग को दल्ली राजहरा में ही रखा जाए इसे मरोदा शिफ्ट करने की आवश्यकता ही नहीं है।लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा जो कि प्रति दिन लगभग 80 लाख रूपये अर्थात 24 करोड रूपये प्रति माह माल ढुलाई से आय अर्जित करने के बावजूद दल्लीराजहरा मे कई वर्षो से विस्थापित कैरेज एंड वैगन यांत्रिक विभाग को बंद कर लौह अयस्क नगरी के अस्तित्व को खत्म करने का षडयंत्र एवं आदिवासी अंचल के साथ भेदभाव किया जा रहा है। अतः सांसद से अनुरोध है कि आदिवासी अंचल और लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा के समस्त रेल विभागों को दल्लीराजहरा मे ही यथावत रहने हेतु उचित कार्यवाही करने की कृपा करें। इस संबंध में वार्ड पार्षद में क्षेत्रीय सांसद मोहन मंडावी को ज्ञापन सौंपकर इस ओर हस्तक्षेप करने की मांग की है।

किराए के घर में रहने वाले 502 हितग्राहियों के खुद का पक्का घर का सपना हुआ पूरा

- **सभी को मिला आवास, हितग्राहियों के चेहरे खिले**
- **महापौर नीरज पाल ने हितग्राहियों को दी बधाई तथा वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान**

भिलाई/नवप्रदेश। किराए के घर में रह रहे ऐसे लोग जो कई दिनों से आवास की राह देख रहे थे तथा खुद का पक्का मकान का सपना देख रहे थे इन लोगो का इंतजार आज समाप्त हो गया। 502 हितग्राहियों को आज लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया गया। महापौर नीरज पाल तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास ने लॉटरी की शुरुआत कराई। महापौर ने आवास आबंटित हुए हितग्राहियों को मकान मिलने पर सभी को बधाइयां दी। आवास आबंटन होने पर हितग्राहियों के चेहरे पर मुस्कान साफनजर आई। लॉटरी प्रारंभ करने के दौरान लगभग 40 दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को सर्वप्रथम प्राथमिकता देते हुए उनके लिए पहले आवास आबंटन की कार्यवाही की गई तथा इन लोगों को पहले शामिल करते हुए लॉटरी निकली गई। दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर तथा शासन के नियम के तहत भूतल पर आवास आबंटित किया गया। लॉटरी में शामिल होने वाली पहली दिव्यांग हितग्राही बरखा को ग्राउंड फ्लोर में पहला आवास मिला। हितग्राहियों ने इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी, निगम, शासन और प्रशासन सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान, मोर आस के तहत किराएदार के रूप में निवास करने वाले पात्र हितग्राही जिन्होंने 10त्न की राशि जमा की थी उन्हें आज लॉटरी में शामिल किया गया था। पहले यह राशि अधिक थी शासन ने सहूलियत देते हुए प्रथम किस्त की राशि को कम किया तथा आसान किस्तों में राशि जमा करने की छूट दी है। इसके चलते हितग्राहियों को राशि जमा करने में आसानी हो रही है। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल व निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आवास प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में आज 502 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया। महापौर नीरज पाल ने इस अवसर पर कहा कि हर किसी का सपना होता है कि उनका खुद का पक्का घर हो, यह स्वप्न आज हितग्राहियों का पूरा हुआ है। अब बेझिझक अपने आवास में यह रह पाएंगे। बता दे कि आवास आबंटन के पूर्व निगम ने इसे लेकर संपूर्ण तैयारी कर ली थी, हितग्राही भी तय समय पर मौजूद हो गए थे। शांतिपूर्ण तरीके से आवास आबंटन की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण हुई।

सर्व विभागों के संविदा कर्मचारियों का आज हड़ताल

- **जानकारी नहीं तो काम नहीं के नारे के साथ सौपेंगे ज्ञापन**

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के द्वारा नियमितीकरण के माँग को लेकर 20 मार्च को एक दिवसीय हड़ताल में रहेंगे। शासन के विभिन्न विभागों में काम करने वाले संविदा कर्मचारियों के द्वारा अपने एक सूत्रीय माँग नियमितीकरण लंबे समय से करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक उनके मांगों पर विचार नहीं किया जा रहा हैं, विधानसभा के बजट सत्र में संविदा कर्मियों को बहुत आशा था कि बजट में उनके नियमितीकरण का प्रावधान किया जायेगा, लेकिन अभी तक कोई भी पहल मुख्यमंत्री के द्वारा नहीं किया गया हैं, जिससे समस्त संविदा कर्मियों में भारी रोष व्याप्त हैं। इसी कारण शासन के सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों के द्वारा एक दिवसीय अवकाश लेकर जानकारी नहीं तो काम नहीं का नारा के साथ धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जायेगा। संविदा कर्मचारी महासंघ संघ के जिलाध्यक्ष पूरन आनंद ,तेज साहू, उपाध्यक्ष डॉ डोमन यादव, प्रवक्ता गोपिका जयसवाल, मनीष शर्मा, दिनेश गंगबेर, गरिमा वर्मा, यामिनी खुटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा विधानसभा में बताया गया कि अभी 22 विभागों की जानकारी आना बाकी हैं, जिसके कारण नियमितीकरण में देरी हो रहा हैं और बोला जाता हैं कि नियमितीकरण की समय सीमा नहीं बताया जा सकता। कर्मचारी संघ का कहना कि चार साल तीन माह का समय बीत गया लेकिन संविदा अनियमित कर्मचारियों की डाटा संख्या मुख्यमंत्री के पास नहीं हैं।

सामाजिक संगठनों ने बैठक में नववर्ष नहीं मनाने का लिया निर्णय

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। ईश्वरीय सनातन संस्कृति व समृद्ध विरासत के प्रतीक भारतीय नववर्ष को ऐतिहासिक व भव्य रूप से मनाने हेतु सर्व समाज समरसता समिति द्वारा आयोजन में व्यक्ति व्यक्ति, समाज समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु सनातन धर्म परंपरा के संवाहक नगर के सभी जाति संगठनों की 17 मार्च को जलाराम मंदिर में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई थी।

बैठक में अमूमन नगर के सभी समाज प्रमुखों ने भाग लिया। उपस्थित समाज प्रमुखों के द्वारा खुलकर नववर्ष के सम्बन्ध में अपने विचार व सुझाव प्रस्तुत किया गया। सबने एकमत से आगामी भारतीय नववर्ष को बहुत धूमधाम से मनाने पर जोर दिया। विशेषतः 21 मार्च को दल्ली राजहरा और चिखलाकसा के 100 स्थानों पर आयोजित होने वाले सामूहिक भारत माता की आरती व दीपोत्सव के आयोजन में बढ़ चढ़कर भागीदारी देने की बात कही गई।

इस वर्ष सर्व समाज समरसता समिति द्वारा सनातन धर्म संस्कृति से सरोकार रखने वाले सभी जाति संगठनों से अपने अपने सामाजिक भवनों मे भी भारत माता की आरती कर दीपोत्सव मनाने का आह्वान किया गया।

इसके अलावा सभी समाज के सदस्यों से भारतीय नववर्ष के सफल आयोजन हेतु तन मन धन से सहयोग करने व समर्पण राशि भेंट करने की भी अपील किया गया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा 21 मार्च के सामूहिक आरती मे जन जन को जोड़ने के लिए अनेक सुझाव दिये गये..जिस पर समिति आगामी समय में कार्यान्वयन करने को बात कही।

बैठक में विभिन्न समाज के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि के रूप में टी.कांता राव, के. सी. नायडू (श्री आंध्रा समिति) जीवन यादव (ठेठवार यादव समाज), श्री राम कल्याण सिन्हा, बृजलाल सिन्हा (डड़सेना कलार समाज), अंकालू राम देवांगन, रेणुका देवांगन (देवांगन समाज), सोमित साहू, (तहसील साहू संघ), गोपी निषाद, देवन्तीन पारकर (निषाद समाज), भुनेश्वर निर्मलकर, प्रेम सिंग, (निर्मलकर समाज), प्रफुल्ल चंद नायक (उत्कल समाज), उर्मिला कुकरेजा (सिंधी समाज), रामदास मानिकपुरी, दुलार दास मानिकपुरी (मानिकपुरी पनका समाज) मनोज सावरकर (महाराष्ट्र मण्डल) किशोर कुमार जैन (श्री जैन समाज)

इसके अलावा समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता के रूप में पवन कुमार गैंगबोईर (अध्यक्ष), झसकेतन विशि जी (उपाध्यक्ष), विजय कुमार देवांगन (स्थापक सदस्य व सलाहकार), सत्या साहू (संयोजिका महिला प्रकोष्ठ) मुकेश खस (संयोजक युवा प्रकोष्ठ), वीणा साहू (उपाध्यक्ष), द्रोपती साहू (सचिव), नंदा पसीने (उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ), साक्षी खटवानी , संगीता रजक , पुष्पा शांडिल्य , रेणुका साहू , पूजा तेजवानी , राजकुमार शर्मा , शेखर रेड्डी , गौतम मैती की गौरवमयी उपस्थित रही।

बेमौसम बारिश से घरों में घुसा पानी

कुसुमकसा/नवप्रदेश। कुसुमकसा बस स्टैंड चौक के पास राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के तहत निर्माणाधीन सड़क मार्ग से आदिवासी परिवार का घर नीचे होने से अचानक हुई बेमौसम बारिश का पानी घुस जाने से आदिवासी परिवार डब्बा,धमेला के माध्यम से घर मे घुसे पानी को बाहर फेकते रहे तो ग्राम की ओर से मुख्य मार्ग, में आने के लिए निर्माणाधीन सड़क की ऊंचाई ज्यादा होने से दो पहिया सवार नित्यदिन दुर्घटना के शिकार हो चोटिल हो रहे है जिसकी शिकायत करने के बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के अधिकारी बड़ी दुर्घटना के इनतजार करते नजर आ रहे है ,स्थानीय बस स्टैंड चौक के पास निर्माणाधीन सड़क के दोनों छोर में नाली निर्माण ना कर सड़क का निर्माण चालू कर दिए जबकि अन्य जगहों में पहले नाली का निर्माण करने के बाद सड़क का निर्माण कार्य चालू हुआ था ,अधिकारी ग्रामीणों को सही जानकारी देने से बचते नजर आ रहे है

शनिवार दोपहर 12 बजे अचानक हुई बरसात से निर्माणाधीन सड़क मार्ग से बहता हुआ पानी आदिवासी युवक लखनलाल ध्रुव के कवेलुयुक्त मकान में चला गया ,अचानक घर के अंदर पानी आ जाने से लखनलाल ध्रुव परिवार सहित बरसते पानी मे सड़क की ओर से बहकर आ रही पानी की दिशा को बदलने के लिए मुरुम डाला तो वही सड़क की ऊंचाई हो जाने से उसके मकान से कवेलू से होता हुआ बरसात का पानी नीचे गिर रहा है किंतु निर्माणाधीन सड़क ऊंचा हो जाने से उस पानी का भी निकलने की व्यवस्था ना होने से वह भी घर मे घुस रहा है ,आदिवासी परिवार लगभग दो - तीन घण्टे कड़ी मशक्कत करने के बाद घर मे घुसे पानी को बाहर निकाला है किंतु मौसम खराब होने से रात्रि में कही पानी गिरा तो उक्त आदिवासी परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, गौरतलब है कि झलमला से कुसुमकसा होकर मानपुर की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत निर्माणाधीन सड़क मार्ग में निर्माण एजेंसी व राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के अधिकारियों के उदासीनता के चलते ग्रामीणों व राहगीरों को आये दिन परेशानियों का सामना करना पड़ा है ,सड़क निर्माण के दरम्यान निर्माण एजेंसी अपने सुविधानुसार सड़क निर्माण कर रही है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है ,राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को ग्रामीणों को आवागमन में हो रही असुविधा की शिकायत करने के बाद भी शिकायतों व सुझाओ को नजरअंदाज करते हुए निर्माण एजेंसी का पक्ष लेते नजर आ रहे है।

तो वही गम्भीर दुर्घटना होने पर ही गांव से मुख्य मार्ग में आने वाली सड़क का संधारण करने का ईतजार सड़क निर्माण एजेंसी व राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के अधिकारी करते नजर आ रहे है झलमला से कुसुमकसा होकर मानपुर की ओर निर्माणाधीन राष्ट्रीय राज मार्ग 930 में सड़क निर्माण में अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के उदासीनता के चलते ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है , स्थानीय बस स्टैंड चौक में निर्माणाधीन सड़क के एक ओर पूर्व के सड़क से लगभग तीन चार फीट ऊंचा हो जाने से ग्रामीणों को सड़क से आने जाने में काफी असुविधा हो रही है ग्रामीण बस्ती से मुख्य मार्ग में आने के लिए सड़क की ऊंचाई होने से दुर्घटना के शिकार हो रहे है तो वही निर्मित मुख्य सड़क मार्ग के दूसरी तरफ भी सड़क नीचे होने से आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वही उक्त मार्ग में नित्यदिन महिला पुरुष दो पहिया वाहन से गिरकर चोटिल हो रहे है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

राजीव गांधी किसान न्याय ...

महतारी और कोसरिया मरार (पटेल) समाज की अराध्या देवी शाकम्भरी माता की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि व खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने शाकम्भरी माता को नमन करते हुए कहा कि उनकी जयंती के अवसर पर हमने अवकाश घोषित किया है। मुख्यमंत्री ने कोसरिया मरार समाज को कांकेर में सामाजिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये दिए जाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के लिए पहला छात्रावास कांकेर में खोला गया, जिसमें वर्तमान शैक्षणिक सत्र से 50 सीटर अन्य पिछड़ा वर्ग बालिका छात्रावास संचालित किया जा रहा है। अब संभाग मुख्यालय और कुछ बड़े जिलों में भी पिछड़े वर्ग के लिए छात्रावास खोलने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने 01 अप्रैल से आर्थिक सर्वेक्षण कराने की घोषणा की है, सर्वे तीन बिंदुओं आवास, उज्जवला गैस कनेक्शन और शौचालय पर आधारित होगा। ताकि पिछले 12 वर्षों में इन योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आज पूरे देश का 74 प्रतिशत लघु वनोपज खरीदा जा रहा है और उसका वैल्यू एडिशन भी हो रहा है। इससे वनांचल के लोगों की आय बढ़ी है।

एमआरआई जांच की सुविधा ...

जिला अस्पताल है, जहां 6 करोड़ 49 लाख की लागत से एम आर आई मशीन स्थापित की गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम अब इसका लाभ मरीजों को मिलने लगेगा। जरूरतमंदों को मिलेगी एमआरआई जांच की सुविधा सही समय पर बीमारियों का पता लगने से होगा सटीक ईलाज, एमआरआई के लिए मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा बाहर जिला चिकित्सालय कांकेर में एम आर आई मशीन का शुभारंभ होने से जरूरतमंदों को अब जिला अस्पताल में ही जांच की सुविधा मिल सकेगी।

गांवों में आर्थिक समृद्धि ...

उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों की संख्या बढ़कर अब 23 लाख 50 हज़ार हो गई है और नया कीर्तिमान गढ़ते हुए इस वर्ष 107 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में सर्वाधिक पुरस्कार जीतने पर कांकेर जिलावासियों को बधाई भी दी।

गेंदों के लिहाज से ...

से विशाल जीत दर्ज की। दूसरा वनडे जीतकर कंगारु टीम ने सीरीज में 1-1 की बराबरी भी हासिल की।

स्टार्क की आंधी में उड़े भारतीय बल्लेबाज : मुकाबले की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की लहराती गेंदों का भारतीय बल्लेबाजों के पास कोई भी जवाब नहीं था। पावरप्ले ओवरों के अंदर ही आधी भारतीय टीम 50 रनों के भीतर ही पवेलियन लौट गई। मिचेल स्टार्क ने अपने पहले स्पेल में ही रोहित, शुभमन, सूर्या और राहुल को आउट कर दिया। इसके बाद विराट कोहली और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने भारतीय पारी संभालने की कोशिश की।

अक्षर ने 100 के पार पहुंचाया : युवा तेज गेंदबाज नाथन एलिस ने दोनों बल्लेबाजों को आउट कर भारतीय बैटिंग लाइन-अप को ध्वस्त कर दिया। अंत में ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने कुछ अच्छे शॉट्स खेलकर भारतीय टीम को सौ रनों के पार पहुंचाया। लेकिन कुलदीप, शमी और सिराज सस्ते में आउट हुए और अक्षर दूसरी ओर ही खड़े रह गए। अक्षर ने नाबाद 29 रनों की पारी खेली। जबकि विराट कोहली ने 31 रन बनाकर टीम के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने महज 53 रन देकर 5 विकेट चटकाए। जबकि एबॉट ने तीन और एलिस ने दो बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा।

देश के कोने-कोने ...

चैनलाइज करें, लोगों की आवाज और सामूहिक ज्ञान को उचित महत्व दें, प्रत्येक आवाज का सम्मान करके एक परिपक्व लोकतंत्र का हिस्सा बनें।

पीएम मोदी पर...

मामले पर संज्ञान लिए जाने के बावजूद अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल और अन्य सोशल मीडिया खातों पर उसी निचले स्तर पर कायम है।'' इससे पहले, 27 फरवरी को न्यायालय ने खेड़ा को गिरफ्तारी से दिए गए संरक्षण की अवधि बढ़ा दी थी। मुंबई में 17 फरवरी को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पीएम मोदी के खिलाफ खेड़ा की कथित टिप्पणी को लेकर उन्हें दिल्ली हवाई अड्डे से उस समय गिरफ्तार कर लिया गया था, जब वह रायपुर जाने वाली उड़ान में सवार हुए थे। चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली पीठ के खेड़ा को अंतरिम जमानत प्रदान करने के बाद 23 फरवरी को यहां की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी।

तीन दिवसीय...

लौट आएंगे। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया है कि वे इस बार कर्नाटक विधानसभा चुनाव में करीब 140 से 150 सीटें जीतेंगे।

बेमेतरा में राष्ट्रीय कवि संगम

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर बेमेतरा में राष्ट्रीय कवि संगम जिला ईकाई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कवि संगम संभागीय अधिवेशन दुर्ग संभाग में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना, दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रीय कवि संगम के संभागीय अधिवेशन के आयोजन के माध्यम से राष्ट्रीय कवि संगम जिला बेमेतरा द्वारा बेमेतरा जिलें की साहित्यिक विधा को नया आयाम देते हुए सभी कवियों, लेखकों व साहित्यकारों को एक मंच पर लाने का उत्तम कार्य किया हैं।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)
निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु. (लाख में)
1	2	3
181/123941	S.R./M.O.W. WORK OF SANGWARI VIDHAYAK VIKRAM APARTMENT, TIKRAPARA GAD QUARTERS, VISHRAM GRAH, PANKAJ VIDHANSABHA SUB-DN., RAIPUR	रु. 30.00 लाख
185/123942	CONSTUCTION OF BIRGAON FOURWAY DIRECTION ROAD LENGTH 3.00 KM. (BALANCE WORK)	रु. 113.06 लाख
186/127826	BT RENEWAL WORK, FOR AMANAKA TO AMAPARA ROAD LEFT & RIGHT SIDE (KM. 2/4, 2/6, 2/8, 2/10, 2/10, 3/2, 3/4, 3/6, 3/8, 3/10, 4/2, 4/4) L = 2.00KM.	रु. 165.58 लाख

निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 06.04.2023 समय सायं 5.30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-99405/3

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्र. -1
रायपुर (छ.ग.)

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, सुकमा संभाग, सुकमा
अल्प निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 856/NIT- 21/2022 2023/ व ले लि दिनांक 15/03/2023

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये ''ई'' श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र AE प्रतिशत दर पर ब्लॉक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 21/03/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 28/03/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 29/03/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
सरल क्र. 1 से 8 तक :- ई. पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''ई'' सरल क्र. 01 से 4 तक सुकमा ब्लॉक एवं 5 से 8 तक कोटा ब्लाक

क्र.	कार्य का नाम NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	कार्य की अवधि
1	2	3	4
1	S/R WORK OF FACEWALL K.M. 8/10, 9/2, 10/8, 15/8, 17/4, 29/10, 30/8, 30/10 SUKMA DANTEWADA ROAD (BLOCK SUKMA) (1st Call)	19.43 14600.00	Periad 02 Months From Reckoned Date
2	SIR WORK OF FACEWALL K.M. 23/10, 24/6, 25/6, 27/4, 27/6, 31/4, 32/8 SUKMA DANTEWADA ROAD (BLOCK SUKMA) (1st Call)	2.47 2500.00	Period 01 Months From Reckoned Date
3	S/R OF RCC OPEN DRAIN 0.6 0.6M. AT SUKMA TOWN ROAD (BLOCK SUKMA) (1st Call) 2500.00	2.44	Period 01 Months From Reckoned Date
4	S/R FOR SUKMA TOWN ROAD IN KM 1/2 BOTH FOR SHOULDER AND DRAIN WORK UNDER SUB DIVISION SUKMA (BLOCK SUKMA) (1st Call).	8.33 6250.00	Period 02 Months From Reckoned Date
5	FOR S/R WORK OF PWD STAFF QTR. UNDER PWD SUB DIVISION KONTA (BLOCK KONTA) (1st Call)	1.00 2000.00	Period 01 Months From Reckoned Date
6	FOR S/R OF REST HOUSE AT KONTA UNDER PWD SUB DIVISION KONTA (BLOCK KONTA) (1st Call)	0.98 2000.00	Period 01 Months From Reckoned Date

निविदा संबंधी शर्तें निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
1. ''ई'' पंजीयन की कॉपी 2. जी.एस.टी. की छायाप्रति 3. निवास प्रमाण पत्र 4. पैन कार्ड 5. आधार कार्ड 6. निविदा फार्म एवं अमानत राशि का लिफाफा अलग अलग प्राप्त होगा, निविदा फार्म एवं अमानत राशि का लिफाफा अलग से प्राप्त न होने पर निविदा प्रपत्र का लिफाफा नहीं खोला जायेगा। अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। कोई भी निविदा विना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी हो होगा।

जी-99386/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
सुकमा संभाग सुकमा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

आगजनी से पीड़ित परिवारों को मिला मुआवजा राशि

भिलाई/नवप्रदेश। हॉस्पिटल सेक्टर में आगजनी की घटना होने के बाद से प्रशासन ने हर संभव मदद प्रभावित परिवारों के लिए किया है। विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास, एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी, स्थानीय पार्षद कोमल टंडन ने प्रभावित परिवारों के मदद लिए स्पॉट पर जाकर निरीक्षण किया था। आगजनी के बाद से ही परिवारों को राहत देने का कार्य किया गया। नजदीकी स्कूलों में परिवारों को ठहराकर उनकी मदद की गई, भोजन व्यवस्था सहित जरूरी सामग्रियों के इंतजाम किए गए। दस्तावेजों को बनाने के लिए शिविर के लगाए गए तथा दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास दिलाने के लिए भी कैंप का आयोजन किया गया। पीड़ित परिवार का सर्वे किया गया था, सर्वे उपरांत 25 परिवार निवासरत पाए गए थे। संयुक्त निरीक्षण के दौरान मुआवजा राशि देने के निर्देश दिए गए थे। इसी के तहत प्रत्येक परिवार को 10500 रुपए की राशि प्रदान की गई है। इसके मुताबिक 25 परिवारों को 262500 की राशि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के तहत दी गई है। मुआवजा राशि देने के दौरान जोन आयुक्त खिरोद्र भोई तथा अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु भी मौजूद थे। मुआवजा राशि प्राप्त कर पीड़ितों ने राहत की सांस ली है और उन्होंने इसके लिए विधायक, महापौर, जनप्रतिनिधि तथा प्रशासन को धन्यवाद भी ज्ञापित किया है।

छत्तीसगढ मानव अधिकार जे जे एफरायपुर संभाग के सभागीय अध्यक्ष बने : चंद्राकर

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ मानव अधिकार जे जे एफद्वारा पूर्व में भी

पिछले साल संगठन में सक्रिय भूमिका एवं विस्तार के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के कारण शशांक शेखर चंद्राकर निवासी ग्राम - फरहदा पो0 कोसरंगी थाना खरोरा ब्लाक तिल्दा जिला - रायपुर को संभागीय अध्यक्ष (रायपुर संभाग) नियुक्त किया गया था इस वर्ष भी उनकी संगठन में सक्रियता के कारण शशांक शेखर चंद्राकर को पुनः इस वर्ष भी संभागीय अध्यक्ष (रायपुर संभाग) की जिम्मेदारी छत्तीसगढ मानव अधिकार जे जे एफद्वारा प्रदान की गई । उनके इस नियुक्ति से रायपुर संभाग के अंतगर्त आने वाले सभी सम्मानीय पदाधिकारी व सदस्यो द्वारा एवं प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा बधाई शुभ कामनाएं प्रेषित की गई।

डॉ. गुरप्रीत कौर 'अपराजिता अवार्ड से विभूषित'

गरियाबंद/नवप्रदेश। सामाजिक संस्था वैदेही मुस्कान सोशल वेलफेयर सोसायटी पायल नगरानी द्वारा वै.मु.सो.वेल.सोसायटी रायपुर के 8 वर्ष पूर्ण होने पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस अवसर पर गोल्डन हैरिटेज नहरपारा रायपुर में एक सामाजिक कार्यक्रम ''अपराजिता सम्मान समारोह 2023'' का आयोजन किया गया। सामाजिक संस्था वै.मु.सो.वेल.फेय.सोसायटी द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम में कौर मल्टीस्पेश्यलिटी हास्पिटल एवं प्रसूति गृह के महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. गुरप्रीत कौर एम.बी.बी.एस. (एम.एस.) के अलावा अन्य महिलाएं अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई थी, जिन्हें भी उत्कृष्ट कार्य किये जाने के लिए अवार्ड प्रदान कर सम्मिनित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में चयनित महिलाओं को समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उल्लेखनीय कार्यों के लिये उन्हें वै.मु.सो.वेल.फेय.सोसायटी द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपराजित सम्मान समारोह 2023 में श्रुति हलधर, वंदना गोपाल शर्मा, श्रद्धादानी, रूचि वर्मा, उमास्वामी, वनिता अग्रवाल, वर्षा शर्मा, सुवर्णा त्रिवेद्वी, प्रतिभा शर्मा, मांडवी सिंग एवं अनिता दुबे को अपराजिता सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शशि महिलांग अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् महासमुंद, समाज सेविका वनिता सोनकर एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. गुरप्रीत कौर अतिथि के रूप में उपस्थित थी, कार्यक्रम का संचालन पायल नगरानी वै.मु.सो.वेल.फेय. सोसायटी ने की। वही कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. गुरप्रीत कौर को चिकित्सा के क्षेत्र में एवं समाज में उत्कृष्ट समाज सेविका होने के कारण उन्हें कार्यक्रम में उपस्थित अन्य महिलाओं के साथ वैदिह मुस्कान सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा प्रशस्ती पत्र, मोमेन्टो अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन में अनेक महिलाएं उपस्थित थी।

हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा ग्राम चुनकट्टा में संपन्न

पाटन/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन द्वारा ग्राम चुनकट्टा में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ता घर घर जाकर छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। और ग्रामीणों से छत्तीसगढ़ सरकार के जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली।इस यात्रा में प्रमुख रूप से छग अपेक्स बैंक के डायरेक्टर राकेश ठाकुर ,जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे,सरपंच भूषण सोनवानी,यात्रा प्रभारी भागवत बंछोर,जोन प्रभारी महेश साहू,अजय राजपूत,अशोक सोनवानी,धनिबाई यादव,मिथलेश बंजारे,लोचन यादव,बिट्टू यादव शामिल हुए।

निधन

श्रुति पाल

दुर्ग /नवप्रदेश। न्यू आदर्श नगर निवासी पत्रकार ओम प्रकाश पाल की बड़ी पुत्री श्रुति पाल 19 वर्ष का आकस्मिक निधन 16 मार्च को हो गया।जिसका अंतिम संस्कार राम नगर मुक्ति धाम भिलाई में किया गया। अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

फ्रिज, कूलर, एसी व पंखें समेत इलेक्ट्रानिक सामग्रियों के दाम बढ़े

कुण्डा/नवप्रदेश। गर्मी के साथ अब लोग फ्रिज, कूलर, पंखों, एसी जैसी चीजों की शॉपिंग करने निकल रहे हैं। लेकिन, इस बार इन चीजों पर महंगाई की मार कई उपभोक्ताओं का बजट बिगाड़ रही है और वह दो की बजाय एक या फिर बिना शॉपिंग के ही वापस लौट रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार पिछली गर्मियों के मुकाबले गर्मी से जुड़ी इलेक्ट्रिक चीजों के दाम महंगाई की इतनी तेज रफ्तार आमतौर पर नहीं दिखती। अमूमन हर साल रेट में 2 से 5 प्रतिशत तक का उछाल होता है।

व्यापारियों के अनुसार इलेक्ट्रिक चीजों में महंगाई की मार इसलिए है क्योंकि इन उपकरणों को बनाने में एल्युमिनियम, लोहे, कॉपर का इस्तेमाल प्रमुखता से होता है। एल्यूमिनियम की कीमत रेकॉर्ड उंचाई स्तर पर है। इससे पहले 2008 में यह मेटल सबसे महंगा हुआ था। बस स्टैंड चौक के

इलेक्ट्रानिक व्यापारी ने बताया कूलर के दाम बढ़ चुके हैं। ब्रैंडेड और नॉक ब्रैंडेड कूलर के रेट में 500 से 600 रुपये बढ़े हैं। इस बार अच्छी गुणवत्ता वाले कूलरों के दाम 8000 से शुरू हो रहे हैं। इसकी वजह यह है कि कॉपर और लोहा काफी महंगा हो चुका है।

अनुसार पंखों में कॉपर का इस्तेमाल होता है। ऐसे में पिछली गर्मियों की तुलना में इनकी कीमतें भी 60 से 80 रुपये तक बढ़ी हैं। इस बार अच्छे पंखें 1100 रुपये से कम में उपलब्ध नहीं हैं। पानी की मोटर इस सीजन में सबसे अधिक बिकती हैं उनकी कीमतों में सबसे अधिक 300 से 400 रुपये का इजाफा हुआ है। गर्मियों के सीजन में लोग अपने घरों की मोटर का लोड बढ़वाते हैं। व्यापारियों के अनुसार मौसम बदलने के साथ कस्टमर तो आ रहे हैं, लेकिन कीमतें अधिक होने की वजह से बाजार में बहुत अच्छा रिस्पॉन्स नहीं है। होली के बाद बाजार में कुछ तेजी आ सकती है, लेकिन यदि पेट्रोल डीजल की कीमतें बढ़ी तो दाम भी और अधिक बढ़ेंगे। फ्रिज और एसी की कीमतें 10 से 12 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं। कीमतों का इतना बढ़ना असामान्य है। ब्रैंडेड फ्रिज 13000 रुपये से शुरू हो रहा है। कीमतों में 1500 रुपये के करीब का इजाफा हो चुका है। वहीं विंडो एसी यदि एक टन का लेना है तो वह 23 से 24 हजार की रेंज से शुरू हो रहा है। स्प्लिट एसी की कीमतें भी 30 हजार से शुरू हो रही हैं।

500-1000 रुपये महंगे हुए कूलर

मार्केट भी काफी हद तक अब जैकेट मार्केट की जगह अब कूलर मार्केट में तब्दील हो गई है। कूलर का काम कर रहे ने बताया कि पिछले साल के मुकाबले इस साल कूलर पांच सौ रुपये से लेकर 1000 तक महंगे हो गए हैं। उन्होंने दुकान के अंदर रखे लोहे की बॉडी वाले कूलर की तरफ इशारा करते हुए बताया कि यह कूलर पिछले साल तक 4000 रुपये में बेचा जा रहा था।

बजट से 1 करोड़ से ज्यादा छत्तीसगढ़िया लाभान्वित : तनमीत

■ भाजपाई इसे झुठला कर दिखाये

कुण्डा/नवप्रदेश। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष तनमीत सिंह छाबड़ा ने विज्ञप्ति में बताया कि भाजपा के लोग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लाये जनहितैषी बजट को पचा पा रहें हैं। प्रस्तुत बजट द्वारा प्रदेश में निवासरत सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ वासियों को सीधे उनके खाते के माध्यम से कांग्रेस सरकार लाभ पहुंचाकर सबल बनाने का काम कर रहीं हैं यदि परिवार की दृष्टि से देखें तो सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में बिजली बिल हाफ योजना व पीडीएस व स्वास्थ्य योजनाओं से यहां के शत- प्रतिशत निवासियों को लाभ मिल रहा है। *तनमीत* ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि न कांग्रेस सरकार टिफिन खरीद रही न चप्पल न मोबाइल न टेबलेट न लैपटॉप फिर भी वो सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के निवासियों को इतना सबल बनाने मे लगीं है कि वो अपना जीवन स्तर स्वयं ऊपर ले जाएं उन्होंने बताया कि बजट से 1 करोड़ से ज्यादा छत्तीसगढ़ के निवासी सीधे सरकार की योजना से लाभान्वित हो रहे हैं जिसके आंकड़े निम्नानुसार है किसानों हेतु 6800 करोड़ का प्रावधान कुल किसान 25 लाख 93 हजार , सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धि कुल पेंशन प्राप्त कर्ता, 22 लाख 32 हजार 711 बेरोजगारी भत्ता 2500 प्रति माह कुल पंजीकृत बेरोजगार 18 लाख , तेंदूपत्ता पारिश्रमिक 4000 रूपये प्रति हजार कुल तोड़इय्या 13 लाख, ग्रामीण भूमिहिन किसान 4 लाख 99 हजार 756, राजीव युवा मितान क्लब हेतु 100 करोड़ कुल 4 लाख 50 हजार सदस्य, छात्रवृत्ति से लाभ पाने वाले छात्र 2 लाख 75 हजार, ओल्ड पेंशन से लाभ प्राप्त 3 लाख सरकारी कर्मचारी,गोबर विक्रेता 4 लाख रसोईया का मानदेय वृद्धि से लाभान्वित रसोइए 1 लाख 30 हजार आंगनबाड़ी सहयिका व कार्यकर्ता कुल 1 लाख 50 हजार मितानिन 75 हजार, लगभग परीक्षा फीस व्यापम व पी एस सी मे छूट से लाभ, लगभग 2 लाख 10 हजार विद्यार्थी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधिओं का मानदेय स्वीकृत कुल 1 लाख 75 हजार 414 लाभान्वित, शिक्षाकर्मी से शिक्षक बने 1 लाख 3 हजार, स्वावलंबी गौठान कुल 5500 के संचालक सदस्यों कुल 55 हजार को मानदेय, ग्राम पटेल को मानदेय कुल 11664, कुल कोटवार 11664 को मानदेय, स्वच्छता कर्मी कुल 49 हजार, होमगार्ड कुल 10 हजार, गौठान मे कार्यरत महिलाएं 84 हजार अगर इन सबको जोडा जाए तो संख्या लगभग 1 करोड़ 10 लाख के आसपास है। तनमीत ने भाजपाइयों को चुनौती दी है कि इन आंकड़ों को पूर्ण रूप से झुठला के दिखाए या किसी भी सार्वजनिक मंच पर बहस कर लें।

जनसमस्या निवारण शिविर में 32 आवेदन मिले मात्र 1 का निराकरण

■ 23 मांग, 9 शिकायत के आवेदन, अध्यक्ष ने खुद दिया आवेदन

खरोरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत खरोरा जनसमस्या निवारण शिविर पर तत्काल निराकरण करने व आम नागरिकों को लाभ दिलाने के लिए नगर पंचायत भवन आयोजित किया गया। महज एक दिन में 32 आवेदन 15 वार्डो से प्राप्त हुआ है। इसमें से मात्र 1 आवेदन का निराकरण नगर पंचायत द्वारा किया गया है। बाकी सभी आवेदनों को संबंधित विभाग में फारवर्ड कर दिया गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस जन समस्या निवारण शिविर का क्या फायदा लोगों को हो रहा है।

सरकार द्वारा सभी जगह आम लोगों को

ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले व उनके समस्याओं का तत्काल मौके पर निराकरण करने के लिए जन समस्या निवारण शिविर करने निर्देश दिए है। इसका पालन कड़ाई से करने विभाग ने संबंधित को निर्देश भी दिए है।

लेकिन शिविर में संबंधित नपा के कर्मचारी केवल औपचारिता पूरी कर रहे है। संबंधित लोगों का समस्या का निराकरण होगा कि नहीं इस पर जरूर नगरवासी संशय है । महज एक दिन में 32 आवेदनों में लोक निर्माण विभाग, पीएम आवास, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ विभाग, राजस्व विभाग,के कुल 32 आवेदन प्राप्त हुआ है। इसमें से मात्र 1 आवेदन का निराकरण पंचायत टीम द्वारा किया गया है। बाकी संबंधित विभाग के आवेदन को संबंधित शाखा में प्रेषित कर दिया जा रहा है।

ज्यादातर आवेदन लोक निर्माण विभाग के

नगर पंचायत खरोरा के 15 वार्ड में ज्यादातर शिकायतें व मांग लोक निर्माण विभाग के हैं जिसमें सड़क चौड़ीकरण, सीसी रोड, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था पानी टंकी में गुजरी नाली, पेयजल संकट, प्रधानमंत्री आवास योजना, सहित आवेदन प्राप्त हुए।

23 मार्च से 3 अप्रैल तक जन जागरण यात्रा

खरोरा/नवप्रदेश। किसान मजदूर संघर्ष समिति द्वारा कुम्हारी जलाशय का क्षमता विस्तार एवं जलाशय से गुर्रा तक नहर नाली विस्तार की मांग को लेकर 23 मार्च से 3 अप्रैल तक जन जागरण यात्रा करेंगे। यात्रा प्रतिदिन शाम 4

बजे प्रारंभ किया जाएगा, पदयात्रा पूर्व 20 मार्च को शाम 5 बजे कुम्हारी जलाशय में गंगा आरती किया जाएगा और 3 अप्रैल को सुहेला तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

जिला पंचायत रायपुर के सभापति राजू शर्मा एवं किसान मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष भरत वर्मा ने बताया कि पदयात्रा पहले दिन 23 मार्च को ग्राम बहेराडीह, सरारीडीह और टोहड़ा तक चलेगी। 24 मार्च को परसदा ,मानपुर, नकटीऔर तुलसी (मानपुर)। 25 मार्च को बोईरझिटी, अल्दा और सरफोंगा। 27 मार्च को भटभेराऔर बुड़गहन। 28 मार्च को खैरवारी बिटकुली और नवापारा। 31 मार्च को रानी जरौद, आमाकोनी और टेकारी। 1 अप्रैल को शिकारी केसली डिग्गी और खपरी। 2 अप्रैल को फरहदा, मटिया ,गुर्रा और तुरमा तथा 3 अप्रैल को बासीन, भोथीडीह, लोहारी के बाद सुहेला में पदयात्रा का समापन किया जाएगा।

पदयात्रा के संबंध में जिला पंचायत के सभापति शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के किसान पिछले 10 सालों से कुम्हारी जलाशय से पानी लाने की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक ना तो किसानों को पानी मिल पाया है और ना ही तत्संबंध में कुम्हारी बांध में कार्य प्रारंभ किया जा सका है, इसलिए शासन और प्रशासन को जगाने किसानों द्वारा जीवनदायिनी कुम्हारी जलाशय का जल लेकर उपरोक्त गांव में पदयात्रा किया जाएगा।

जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव आज बोड़रा में

धमतरी/नवप्रदेश। पशुधन विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव सह प्रदर्शनी का आयोजन सोमवार 20 मार्च को किया जाएगा। उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ.एम.एस.बघेल से मिली जानकारी के मुताबिक धमतरी के ग्राम बोड़रा में दोपहर 12 से तीन बजे से आयोजित इस मेला में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीशु चन्द्राकर द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के तौर पर कृषि स्थायी समिति की सभापति श्रीमती तारिणी चन्द्राकर, छ.ग. जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री मदन मोहन खण्डेलवाल और ग्राम पंचायत बोड़रा की सरपंच श्रीमती उकेश्वरी साहू मौजूद रहेंगे

मोर शहर मोर जिम्मेदारी एवं फाइट द बाइट अभियान निरन्तर जारी

■ मिनी माता चौक पुलगांव: फुटपाथ पर कब्जा कर दुकान लगाने वालों को निगम ने हटाया

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम फाइट द बाइट अभियान का एक बड़ा हिसा है। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के आदेश व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर मोर शहर मोर जिम्मेदारी एवं फाइट द बाईट मुहिम के अन्तर्गत दुर्ग नगर निगम में प्रतिदिन वार्ड वार अभियान चल रहा है।इन गतिविधि पर विशेष फोकस किया जा रहा है जिंसमे प्रतिदिन नालियों की तली की सफाई,सार्वजनिक क्षेत्र की सफाई, लगातर झाड़ियों की कटाई,बाजार क्षेत्रो में दुकानदारो द्वारा झिल्ली पन्नी बेचने पर टीम द्वारा कार्रवाही के साथ जुर्माना भी लिया जा रहा है और मुक्कड़ की सफाई मच्छर उन्मूलन कार्य एवं मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए विशेष फोकस, सड़को पर सी एंड डी मलबे की साफसफाई किया जा रहा है। आज मिनी माता चौक पुलगांव के आस पास से अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। रोका

- छेका शहर के मुख्य चौक चौराहों व गलियों से आवारा मवेशियों को पकड़कर गौठान में छोड़ा गया।शहर क्षेत्र के नहर नालाओ की सफाई के साथ साथ यातायात व्यवस्थित के अलावा चौक चैराहो के पोल से बैनर पोस्टर हटाने का कार्य किया गया। पुलगांव मिनी माता चौक से अमले ने सड़क फुटपाथ में समान फैलाकर अनाधिकृत रूप से व्यवसाय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। स्थल से हटाकर सड़क, फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त कराया। अवैध रूप से सड़क के किनारे व फुटपाथ पर कब्जा कर पान ठेले, फल ठेले, कपड़े दुकान के बाहर समान, कपड़े व अन्य सामग्रियों को फैलाकर दुकानें लगाई जा रही थी।

ग्रामीण साहू समाज ओड़ान द्वारा मनाई कर्मा जयंती

खरोरा/नवप्रदेश। पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम ओड़ान में संत शिरोमणि माता कर्मा की जयंती ग्रामीण साहू समाज ओड़ान के तत्वाधान में श्रद्धाभक्ति के साथ धुमधाम से मनाई गई। इस अवसर संत माता कर्मा की शोभा यात्रा कलश यात्रा के साथ पूरे गाँव का भ्रमण कर शिरोमणी संत माता कर्मा जी की महाआरती की गई। मंच संचालन करते हुए दिलीप कुमार साहू जी ने कहा कि संत शिरोमणी मां कर्मादेवी हमारे सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी है,उनके जीवन चरित्र से पूरे समाज को प्रेरणा मिलती हैं। हम सभी समाज के अंग हैं और हम समाज से ही अपना अस्तित्व बनाये रख सकते हैं,समाज की आदर्श जीवन स्थापित करने में मुख्य भूमिका रहती है, समाज हमेशा ही साहस और विश्वास देता हैं। हमारा साहू समाज हमेशा ही अनुकरणीय रहा हैं। आप सभी सामाजिक समरसता बनाए रखें और आने वाली पीढ़ियो को समाज में अच्छा वातावरण मिले इसका ध्यान रखें।समाज के हर व्यक्ति को सहज और सरल हो कर कार्य करने,समाज के हर व्यक्ति की मदद करने, बच्चों को अच्छे संस्कार देने की बात कही।उन्होंने युवा वर्ग को अपनी महान हस्तियों के व्यक्तित्व को न भूलने, उनके बताए रास्तों का अनुसरण और सामाजिक समरसता को बरकरार रखने निवेदन किया। इस अवसर पर दतान परिक्षेत्र के प्रथम अध्यक्ष सम्मानीय केजु राम साहू जी, पूर्व सरंक्षक ईश्वरी साहू जी,रामजी साहू, ग्रामीण साहू समाज ओड़ान के अध्यक्ष डोमार साहू, कार्तिक साहू, असवन्त साहू, जगत राम साहू, सुनहर साहू, भीख राम साहू, दुजेन्द्र साहू, मुकेश साहू,जितेंद्र साहू, दूज राम, रोमनाथ, हेमंत साहू, सुकलाल, बेनुराम, संतोष, झालूराम, गनपत, सुखदेव, लिलेश कुमार, अजय कुमार, सागर, भूमिका, अंजू ,तृप्ति साहू एवं सैकड़ों स्वजातीय बंधु,माताएं और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सामूहिक अवकाश में जाने की तैयारी कर रहे डॉक्टर

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर अस्पताल में चिकित्सक के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद आंदोलन कर रहे प्रदेश के सभी अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा आज पुनः सिर पर बैंडेंज बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया वहीं अब चिकित्सकों द्वारा सोमवार को प्रदेश स्तरीय सामूहिक अवकाश पर जाने की तैयारी की जा रही है जिसके कारण सोमवार को प्रदेश के सभी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने की संभावना है।

विदित हो कि होली के दिन सूरजपुर अस्पताल में चिकित्सक के साथ हुई मारपिट का प्रदेश के सभी मेडिकल कालेज के तथा आईएमए सहित अन्य संगठनों के चिकित्सकों ने भी विरोध जताया था अब 'छत्तीसगढ़ डाक्टर्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी' के द्वारा चिकित्सकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की मांग को लेकर

प्रदर्शन किया जा रहा है इसी क्रम में आज चिकित्सकों ने सिर पर बैंडेज बांधकर विरोध प्रदर्शन किया आईएमए हॉस्पिटल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने बताया कि होली के दिन कार्यस्थल पर हिंसा के शिकार सूरजपुर सिविल अस्पताल के डॉक्टर अनीश राम से आज सुबह बातचीत हुई है। जिला प्रशासन से भी कार्रवाई में देरी के लिए मैंने पूरे प्रदेश के डॉक्टर्स की चिंता जाहिर की है। उपद्रवी तत्व कानून द्वारा पकड़े जाएंगे ,पूरे प्रदेश के डॉक्टर और पैरामेडिकल साथी उनके साथ खड़े हैं!

मां कर्मा का जीवन हमें समाज सेवा व लोक कल्याण की भावना से जीवन जीने की देता है सीख : विरेन्द्र साहू

■ ग्राम खरिया, खड़ौदा में धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा जयंती

कवर्धा/नवप्रदेश। शनिवार को समूचे जिले में भक्त शिरोमणि माता कर्मा की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इसी कड़ी में विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम खरिया, खड़ौदा में भी मां कर्मा जयंती का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहू समाज के लोगों ने रैली निकाली और विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में बतौर अतिथि जनपद पंचायत कवर्धा के उपध्यक्ष एवं भाजपा महामंत्री विरेन्द्र साहू उपस्थित थे। श्री साहू ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मां कर्मा भक्त शिरोमणी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। परम् आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मादेवी देश-विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से विगत हजारों वर्षो से चली आ रही है। मां कर्मा का जीवन हमें समाज सेवा व लोक कल्याण की भावना से जीवन जीना सिखाता है। श्री साहू ने भक्त मां कर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इनका जन्म संवत् 1073 सन 1017 ई में पाप मोचनी एकादशी पर हुआ था। उन्होने बताया कि बाल्यावस्था से ही कर्मादेवी को धार्मिक कथा-कहानियां सुनने की

अधिक रुचि हो गई थी। यह भक्ति भाव मन्द-मन्द गति से बढता गया। मां कर्मा भगवान श्री कृष्ण के भजन-पूजन ध्यान के साथ सामाजिक और धार्मिक कार्यो में तन, मन, और धन से दीन-दुखियो के प्रति दया भाव के कार्यो में लगर रहती थी। इन सभी करणों से मां कर्मा का यशगान बड़ी तेजी से फेलने लगा। कर्मा देवी जगन्नाथपुरी में समुद्र के किनारे ही रहकर बहुत समय तक अपने आराध्य बालकृष्ण को खिचड़ी का भोग अपने हांथों से खिलाती रहीं और उनकी बाल लीलाओं का आनन्द साक्षात मां यशोदा की तरह लेती रहीं। श्री साहू ने कहा कि आराध्य मां कर्मा के जीवन से आत्मबल, निर्भीकता, साहस, पुरूषार्थ, समानता और राष्ट्रभावना की शिक्षा मिलती है। वे अन्याय के आगे कभी झुकी नहीं। उन्होंने संसार के हर दुःख-सुख को स्वीकारा और डट कर उसका मुकाबला किया। गृहस्थ जीवन पूर्ण सम्पन्नता के साथ जीवनयापन कर नारी जाति का सम्मान बढ़ाया। अपनी भक्ति से साक्षात् श्रीकृष्ण के दर्शन किए और अपनी गोद में लेकर बालकृष्ण को अपने हाथों खिचड़ी खिलाई। निश्चित ही मां कर्मा का जीवन हमारे लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में युवा साहू संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जयराम साहू प्रदेश सचिव मनीराम साहू, सागर साहू शंकर साहू सांसद प्रतिनिधि काशीराम उइके, डोंगरहा साहू,सनाऊ साहू, कोठारी साहू सहित सैकड़ों की संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

30 से अधिक ग्राम पंचायतों का बीते दो सत्र से नहीं हुआ आडिट

■ **जिला अफसरों को भनक तक नहीं, आडिट नहीं होने से वित्तीय अनियमिता की लगाई जा रही आशंका**

कांकेर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायतो के समस्त कार्यों का आडिट साल में किया जाना होता है। जिससे सरकारी कार्यों में पारदर्शिता होती है पंचायतों में आडिट को लेकर सबसे महत्वपूर्ण बात यह आती है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ का संचालन सुचारू रूप से संचालित हो सके और सरकारी पैसे के बंदरबाट ना होना पाए।

ज़िला मुख्यालय से यह एक खबर आई है कि विगत दो सत्र से ज़िला पंचायत के अधीनस्थ जनपद पंचायत के करीब 35 से अधिक ग्राम पंचायतो का आडिट नही हुआ है। कांकेर ब्लॉक के जनपद पंचायत के करीब 30से अधिक ग्राम पंचायत का आडिट नही होना जनपद पंचायत सहित ज़िला पंचायत के आडिट शाखा पर सीधे सवालिया निशान लग रहा है। इससे सरकार द्वारा दी गई सरकारी राशियों में जमकर अनिमित्तता होने की आशंका से इंकार भी नहीं किया जा सकता है।

अब यह बताना बेहद जरूरी होगा कि महज कांकेर ब्लॉक में ही 30 से अधिक ग्राम पंचायत में आडिट नही किया गया है। जबकि पूरे जिले के अन्य जनपद पंचायत का हाल का कुछ अता पता नहीं है। पंचायतों के आडिट रिपोर्ट मार्च महीने में ही पूरा कर शासन को रिपोर्ट भेजा जाता है। लेकिन पंचायतों के आडिट रिपोर्ट वह भी दो सत्रों का पूरा नही होने के बावजूद अफसरों को भनक तक नही लगना अफसरों की कार्यशैली पर सीधे सवालिया निशान लगा रहा है? दो सत्र से कांकेर ब्लॉक के ग्राम पंचायतो का आडिट नही हुआ तो जिले भर के ग्राम पंचायत का हॉल ...? बता दें की हमारे विश्वस्त सूत्रों की माने तो कांकेर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले 64 ग्राम पंचायत में 30 से अधिक ग्राम पंचायत का बीते दो सत्रों से आडिट नही हुआ है। अब सवाल यह उठता है कि महज कांकेर मुख्यालय के ग्राम पंचायत का ये हाल है तो जिले भर के भानुप्रतापपुर अंतागढ़ दुर्गुकोंदल चारामा नरहरपुर कोयलीबेड़ा ब्लॉक के अधीनस्थ आने वाले ग्राम पंचायतो में आडिट रिपोर्ट की स्थिति भगवान भरोसे होने की बात सामने आई है। लंबे समय से बिना आडिट ग्राम पंचायत का ज़िला प्रशासन जांच करती है तो चौकाने वाले खुलासे होने की अटकलें लगाई जा रही है!

दो बाइकसवारों को ट्रेलर ने कुचला, दोनों की मौत

सक्ती/नवप्रदेश। नवगठित जिले सक्ती में भारी वाहनों के रफ़्तार का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के डोंगिया इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया हैं। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक़ ट्रेलर की रफ़्तार काफी तेज थी। बताया जा रहा है की हादसे का शिकार हुए दोनों बाइकसवार खरसिया से कोरबा जाने के लिए रवाना हुए थे। वे अभी सक्ती के डोंगिया के पास ही पहुंचे थे की विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस ने दुर्घटनाकारित ट्रेलर के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की जाँच की जा रही हैं।

आकाशीय बिजली के चपेट में आने से 2 की मौत

कवर्धा/नवप्रदेश। आकाशीय बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण दोनों युवक पेड़ के नीचे बैठे थे, तभी बादलों की गड़गड़ाहट और बारिश के साथ आसमान से तेज बिजली चमकी और दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। पूरा मामला लोहारा थाना क्षेत्र के पैलपार गांव का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों के नाम ननकू साहू 54 वर्ष और परमानंद पटेल बारिश के चलते एक पेड़ की छाँव के नीचे बैठे थे, तभी अचानक बिजली गिरने से यह दर्दनाक हादसा हो गया, ग्रामीणों की सुचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना कर पंचनामा कर शवों को अस्पताल पंहुचा दिया है।

धान से भरी ट्रक पलटी, सीआरपीएफ के जवानों ने बचाई जान

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के पुसपाल घाट में स्थित सीआरपीएफ कैंप से तीन सौ मीटर दूर रतेंगा की तरफ जा रहे धान से भरा ट्रक क्रमांक सीजी 04 डीएन 5157 सामने से आ रही मोटर साइकिल को साईड के लिए सड़क से निचे उतरने पर बारिश से गीली हुई मिट्टी में पहिए के फंसने से अनियंत्रित होकर पलट गया। रविवार सुबह हुए हादसे में एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया था। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सीआरपीएफ की एफ 188 बटालियन के कंपनी कमांडर बन्नाराम अन्य जवानों के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। बल के जवानों ने घायल व्यक्ति प्रिन्सी यादव का प्राथमिक उपचार किया। सिविलियन की जान बचाने के लिए आम जनता ने सीआरपीएफ को धन्यवाद देते हुए बल के जवानों की प्रसंशा की है।

कुंए में गिरा तेंदुआ, वन विभाग की टीम ने सुरक्षित बचाया

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के दुधवा इलाके के भिमाडीही इमलीपारा में एक वन्य प्राणी तेंदुआ कुएं में गिर गया। ग्रामीणों के माध्यम से रविवार सुबह कुएं में तेंदुआ के गिरने की सूचना मिलने पर रेंजर धनराज साहू सहित वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर तेंदुआ को बचाव के प्रयास करते हुए तेंदुए को बाहर निकालने के लिए एक चैली डाली गई जिसमें तेंदुआ बैठ गया है, इसके बाद वन विभाग ने वहां मौजूद भीड़ को हटाकर कुआ को ढ़क दिया गया है। वन विभाग के रेंजर धनराज साहू ने बताया कि देर शाम के बाद तेंदुआ को निकाला जायेगा।

दहेज प्रताड़ना के मामले में हॉस्टल अधीक्षक गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। विवाहिता को दहेज में 10 लाख, वाशिंग मशीन, डायनिंग टेबल, सोने की चैन मांगकर प्रताड़ित करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है। नवागढ़ के देवांगन मोहल्ला में रहने वाली महिला विनीता साहू ने बताया कि उसकी शादी 9 जून 2019 को सुरेंद्र साहू से सामाजिक रीति रिवाज से हुई। सुरेंद्र साहू जरहाभांठा बिलासपुर में छात्रावास अधीक्षक के पद पर कार्यरत है। वह अपने पति के साथ बिलासपुर में रहती थी। शादी के कुछ माह गुजर जाने के बाद सुरेंद्र साहू आए दिप पीड़िता को दहेज के कम सामान लेकर आने आरोप लगाते हुए अपने मायके से 10 लाख रुपए, सोने की चैन, वाशिंग मशीन, डायनिंग टेबल लाने की बात कहकर प्रताड़ित करते थे। लगातार पति सहित ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी और थाना पहुंचकर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई, इधर पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में सुरेंद्र साहू, सास पार्वती साहू, ससुर लच्छीराम साहू, हिमांश साहू सहित 6 लोगों पर केस दर्ज किया है।

भाजपा ने राष्ट्रपति के अभिभाषण का किया वाचन

किरंदुल/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मण्डल किरंदुल की ओर से मंडलो के अधीन सभी 6 शक्ति केंद्रों पर 17 मार्च से कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रपति का अभिभाषण वाचन कर सुनाया जा रहा है।रविवार शाम को बंगाली कैंप शक्ति केंद्र में आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में अमृत काल के बजट को लेकर महामहिम का अभिभाषण, कार्यक्रम के मंडल प्रभारी संजीव दास अनीता वर्मा शालिनी कर्मा ने वाचन कर लोगों को सुनाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा महामंत्री दीनानाथ ठाकुर ने सभी बूथों को सशक्त करने के लिए अभियान चलाने की अपील करते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से कमर कस चुकी है तथा बूथ इकाई को मजबूत करने में पूरी तरह से जुटी हुई है। केंद्र की विभिन्न योजनाओं के

लाभार्थियों एवं योजनाओं के कारण उनके जीवन में आए व्यापक परिवर्तन की विस्तृत चर्चा सकारात्मक माहौल प्रदान करेगी। लोगों को विश्वास होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार एक भारत श्रेष्ठ भारत की जिस बुनियाद को खड़ी कर रही है वह जल्द सशक्त स्वरूप में दिखेगा। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष सहित भाजपा के पदाधिकारी धर्मपाल मिश्रा संजीव दास दिनानाथ ठाकुर हीरालाल पटेल जितेंद्र गुप्ता निमाई पाल सुखदेव पोयम मोहित धवन शालिनी कर्मा सरस्वती डेहरिया अनीता वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ओलों की मार से अधेड़ की मौत

जगदलपुर/नवप्रदेश। शनिवार शाम अंचल में हुई भारी ओलावृष्टि और बारिश एक राहगीर अधेड़ पर कहर बनकर टूट पड़ी। ओलों की मार से तालुर निवासी 45 वर्षीय चेरमू कश्यप की मृत्यु हो गई। पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया।

बस्तर थाना क्षेत्र के ग्राम तालुर पुजारी पारा निवासी स्व. पूरन कश्यप का 45 वर्षीय पुत्र चेरमू कश्यप अकाल मृत्यु का शिकार हुआ है। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्री कामड़े ने बताया कि चेरमू कश्यप 18 मार्च को सुबह 9 बजे साइकिल लेकर अपनी बड़ी बेटी सोनम बघेल से मिलने उसके ससुराल ग्राम नाईकगुड़ा बस्तर के लिए निकला था। शाम को घर लौटते समय अचानक अंधड़ के साथ जमकर ओलावृष्टि और बारिश होने लगी। उस समय चेरमू कोकामुंडा - तालुर मार्ग स्थित मेलिया पेपड़ा नर्सरी प्लाट रोड के करीब पहुंचा ही था कि शाम 5.30 बजे तेज अंधड़ के साथ बड़े बड़े ओले गिरने लगे और बारिश होने लगी। ओलों की मार इतनी जबरदस्त थी कि चेरमू की जान ही चली गई। कुछ देर बाद किसी व्यक्ति ने शव को पहचाना और अपने सेलफोन के कैमरे में उसकी तस्वीर ले ली। उस व्यक्ति ने यह फोटो चेरमू कश्यप के चचेरे भाई चूमन कश्यप के बेटे नरेंद्र मोबाइल फोन पर भेजकर घटना की जानकारी दी। घटना स्थल पर जाकर मामले की पुष्टि करने के बाद चूमन ने उप सरपंच सुशील खम्मारी के साथ बस्तर थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शव को पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जल संसाधन में विभागीय खींचतान से करोड़ों के विकास कार्य पड़ा ठप्प!

■ **अधिकारी कर्मचारियों के आपसी लड़ाई से सरकारी कामकाज हुआ चौपट !**

कांकेर/नवप्रदेश। जल संसाधन विभाग में अफसर और कर्मचारियों के आपसी खींचतान के चलते सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ और करोड़ो का विकास कार्य ठप्प पड़ा हुआ है।

बता दे की करीब तीन से चार महीने पहले से डिविजन से लेकर ब्लॉक में बैठे जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का बीच आंतरिक कलह सुलझने की बजाय बढ़ता नज़र आ रहा है।

विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के आपसी खींचतान से सरकार के करोड़ो के विकास कार्य बिलकुल ठप्प पड़ा है। इधर वर्तमान कार्यपालन अभियंता के खिलाफ़ एकजुट होकर कर्मचारी हटाने की जिद पर अड़े हुए हैं। कार्यपालन अभियंता को हटाने विभागीय अधिकारी कर्मचारी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से लेकर विभागीय सचिव तक को पत्र लिखकर हटाने की मांग कर चुके हैं।

एंबुलेंस नहीं मिली तो घर में कराया प्रसव, जच्चा-बच्चा दोनों की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। प्रसव का समय आने पर गर्भवती को अस्पताल ले जाने एंबुलेंस नहीं मिली। मितानिन को गर्भवती का प्रसव घर में ही कराना पड़ गया। कमजोरी की वजह से जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई।

पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत मेरई गांव निवासी राज सिंह की पत्नी प्रमिला गर्भवती थी। शुक्रवार को उसे प्रसव पीड़ा होने पर उन्होंने डायल 112 व 108 दोनों में कॉल कर मदद मांगी, लेकिन एंबुलेंस नहीं मिला। देरी होने और पीड़ा बढ़ते देख गांव की मितानिन ने गर्भवती का घर में ही प्रसव कराया। इस दौरान कमजोरी से जच्चा-बच्चा की हालत बिगड़ गई। वे किसी तरह वाहन व्यवस्था कर उन्हें जटगा स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से कटघोरा अस्पताल रेफर कर दिया, जहां भर्ती करते ही जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई। मामले में अस्पताल की सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

मृतका प्रमिला के पति राज सिंह के मुताबिक वह मितानिन की सलाह पर अस्पताल में प्रसव कराना चाहते थे। प्रसव पीड़ा उठने पर वे उसे अस्पताल ले जाने 112 व 108 में कॉल कर मदद मांगते रहे। सभी एंबुलेंस व्यस्त बताई गई।

5 लाख कर्ज के बदले चुकाया 20 लाख, पिता-पुत्र के खिलाफ अपराध दर्ज

कोरबा/नवप्रदेश। सूदखोरी में ज्यादा रकम वसूलने के बाद धमकी देने के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के मुताबिक बुधवारी बाजार बस्ती निवासी लालजी गुप्ता की रिपोर्ट पर शिवशंकर अग्रवाल व उसके पुत्र वेणु गोपाल अग्रवाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। लालजी गुप्ता ने रिपोर्ट में बताया कि वह बेजा-कब्जा की जमीन पर मकान बनाकर निवासरत है। उसने स्वयं का मकान बनाने दादर खुर्द निवासी प्रोफेसर सुरेश चन्द तिवारी से जमीन का सौदा किया था, जो कि बाद में फर्जी निकला। उस जमीन को खरीदने उसने 5 लाख शिवशंकर अग्रवाल से मासिक ब्याज में कर्ज लिया था। इसके बदले ब्याज समेत उसने 20 लाख से अधिक रकम अदा किए, लेकिन इसके बाद भी 6 लाख से अधिक रकम की मांग की जा रही है। शिवशंकर अग्रवाल द्वारा इसके लिए मोबाइल से धमकी दी जा रही है। मना करने पर शिवशंकर अग्रवाल का लड़का वेणु गोपाल ने घर आकर गाली-गलौज और मारपीट कर धमकी दी। घर खाली कर कब्जा देने को कहा। इसके बाद लालजी गुप्ता ने लिखित शिकायत की।

काव्य रचनाओं से नारी की महत्वता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

■ **एम्स में हिंदी साहित्य प्रेमियों के लिए राजभाषा साहित्य संगम, काव्य संध्या आयोजित**

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में हिंदी साहित्य के श्रोताओं के लिए काव्य संध्या का आयोजन किया गया। इसमें 31 कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को विभिन्न संदेश दिए। प्रमुख रूप से समाज में नारी की बढ़ती भूमिका और महत्व को रेखांकित करने के साथ ही पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने का भी काव्यात्मक संदेश प्रेषित किया गया। एम्स में हिंदी साहित्य को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'एम्स रायपुर राजभाषा साहित्य संगम' का गठन किया गया है। इसके माध्यम से विभिन्न प्रकार के साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में काव्य संध्या का आयोजन किया गया। इसमें 31 कवियों ने रचनाएं प्रस्तुत की जिसमें चिकित्सक,

कर्मचारी और छात्र सभी सम्मिलित थे।

काव्य संध्या का उद्घाटन करते हुए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि इस प्रकार के मंच स्वयं की अभिव्यक्ति का माध्यम हैं। उन्होंने छात्रों को अपनी रचनात्मकता को और अधिक निखारने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने राजभाषा हिंदी से सभी को जोड़ने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. आलोक अग्रवाल, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी, डॉ. शिव शंकर मिश्रा, डॉ. नम्रता छावड़ा शर्मा, डॉ. वंदना रथ कर्मचारियों और छात्रों ने रचनाएं प्रस्तुत की।

पत्नी की हत्या कर फरार आरोपी पति गिरफ्तार

■ **आरोपी द्वारा पत्नी से पैसे मांगने पर नहीं देने पर हुआ था विवाद, जिसके चलते पति ने की पत्नी की हत्या**

धमतरी/नवप्रदेश। मृतिका का पति जीवन लाल सेन रोज शराब पीकर उसकी पत्नी सुलेखा से लड़ाई झगड़ा, गाली गलौज, मारपीट करता रहता था। दिनांक 17-18/03/23के मध्य रात्रि भी मृतिका के साथ उसके पति द्वारा मारपीट गाली गलौज करते पड़ोसियों ने भी देखा सुना था। दिनांक 18-03-23 को सुबह लगभग सात आठ बजे पड़ोसियों ने मृतिका के घर में फैला खून देखकर घटना की सूचना पुलिस को दी है,जो आरोपी पति घटना कारित करके फरार है।

थाना कुरूद में प्रार्थी भतीजा बुद्धेश्वर सेन की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। एवं आरोपी पति के खिलाफ थाना कुरुद में धारा 302 भादवि. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है एवं आरोपी का पता साजी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रशांत ठाकुर द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गए थे। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेंभुरकर साहू के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी. कुरुद श्री कृष्ण कुमार पटेल के नेतृत्व में थाना कुरुद एवं सायबर की टीम बनाकर पता साजी के लिए रवाना किया गया था। जिसको तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर टीम द्वारा सेमरा डी से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पे आरोपी ने बताया की वह शराब पीने की आदी है, रोज शराब पीता है, सार में पत्नि सुलेखा भी कभी कभी शराब पीती थी।

दिनांक 17/18.03.23. के मध्य रात्रि लगभग 10-11 बजे मै और आरोपी एवं उसकी पत्नी सुलेखा दोनो ने एक साथ में शराब पीये और साथ में खाना खायें। आरोपी द्वारा पत्नी सुलेखा से पैसे माँग की तो उसकी पत्नी सुलेखा ने रूपये नही दिये, जिस पर दोनों में झगडा हो गया और आरोपी पति ने गुस्से में पत्नी सुलेखा को मेरे घर के अंदर जमीन और दिवाल में सिर पटक कर बाल खींचकर घिल्लाते हुए पूरे घर में घुमा घुमा कर मारपीट किया और घर में रखें धारदार स्टील का गिलास से अपने पत्नी सुलेखा के सिर व गले मे मारा जिससे,उसके पत्नी नें दम तोड दिया, घर में चारो तरफ दिवार ऑगन के फर्स में पत्नी का खुन फैल गया था। पत्नी के शव को घर अंदर खाट में लिटाकर कपड़े साडी से ढक दिया। आरोपी रात में अपने घर में ही अलग खाट मे सो गया और सुबह 06:00 बजे उठकर पानी लाकर खुन साफकरने की कोशिश भी किया लेकिन पूरी तरह साफनही कर पाया था,पुलिस के डर से गांव सेमरा डी से भाग गया था जिसको आज पुलिस टीम ने समक्ष गवाहों के घटना में प्रयुक्त सामान जप्त कर थाना कुरुद के अपराध क्र.176/23 धारा 302 भादवि0के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।